


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 226 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 30 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर



### शोले के वीरू की तर पानी की टंकी पर चढ़ा युवक, देने लगा आत्महत्या की धमकी, पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में सिरफिरे आशिक ने शोले वाले वीरू के जैसा हाईवोल्टेज ड्रामा किया। अपनी प्रेमिका से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। आसपास के लोगों ने युवक के पानी टंकी पर चढ़ने की सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह समझाकर युवक को नीचे उतारा। युवक के टंकी से नीचे उतरने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और उसे हिरासत में ले लिया।

मामला बतौली थानाक्षेत्र के ग्राम पहाड़ चिरगा का है। बतौली अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर निवासी युवक श्याम लाल कोरवा का पहाड़ चिरगा निवासी युवती से प्रेम संबंध है। सोमवार को वह अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए ग्राम पहाड़चिरगा पहुंचा था। वहां उसका प्रेमिका से किसी बात को लेकर विवाद हो गया और वह पहाड़चिरगा में पानी सप्लाई के लिए बने हाईराइज पानी टंकी पर चढ़ गया। युवक को पानी टंकी पर चढ़ा देख लोग सकते में आ गए। इसकी सूचना डायल 12 को दी गई। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम एवं लोगों ने युवक को समझाने की कोशिश की। युवक फिल्म शोले के वीरू की तरह टंकी से कूद जाने की धमकी दे रहा था। पुलिस की टीम ने युवक की प्रेमिका को भी मौके पर बुलाया। प्रेमिका के मौके पर पहुंचने के बाद भी युवक टंकी से कूदने की धमकी देता रहा। काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पुलिस एवं प्रेमिका की समझाने के बाद युवक पानी टंकी से उतरने के लिए तैयार हुआ। युवक के पानी टंकी से उतरने के बाद पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया।

## IPL-2023: सीएसके पांचवीं बार बनी चैंपियन, चेन्नई ने गुजरात से छीना खिताब

स्पोर्ट्स डेस्क

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पांचवीं बार चैंपियन बन गई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 214 रन बनाए। इसके बाद बारिश ने खलल डाला और ढाई घंटे का खेल खराब किया। 12.10 पर मैच दोबारा शुरू हुआ। डकवर्थ लुईस नियम के तहत चेन्नई को 15 ओवर में 171 रन का लक्ष्य मिला। इस जीत के साथ चेन्नई के मुंबई के सबसे ज्यादा पांच बार खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। गुजरात की ओर से साई सुदर्शन ने शानदार पारी खेली। वह शतक से चूक गए और 47 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 96 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद चेन्नई के लिए डेवोन कॉनवे ने 25 गेंदों में सबसे ज्यादा 47 रन बनाए।



आखिरी तीन ओवर में चेन्नई को जीत के लिए 38 रन चाहिए थे। 13वें ओवर में मोहित शर्मा गेंदबादी के लिए आए। तब अंबाती रायुडू और शिवम दुबे क्रीज पर थे। पहली तीन गेंद पर अपना आखिरी मैच खेल रहे अंबाती रायुडू ने दो छक्के और एक चौका लगाया। चौथी गेंद पर वह आउट हो गए। इस दौरान उन्होंने दो छक्के और एक चौका लगाया। हालांकि, उन्होंने मैच चेन्नई के पक्ष में मोड़ दिया। अगली ही गेंद पर धोनी बिना खाता खोले आउट हो गए। इस ओवर में 17 रन बने। 14वें ओवर में मोहम्मद शमी के ओवर में आठ रन बने। आखिरी ओवर में सीएसके को जीत के लिए 13 रन चाहिए थे। पहली चार गेंदों पर तीन रन आए। इसके बाद आखिरी दो गेंदों पर सीएसके को 10 रन चाहिए थे। स्ट्राइक पर रवींद्र जडेजा थे। पांचवीं गेंद पर जडेजा ने छक्का लगाया। आखिरी गेंद जडेजा ने चौका लगाकर चेन्नई को जीत दिलाई।

इससे पहले गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 214 रन बनाए। यह आईपीएल फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल फाइनल में 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन बनाए थे। जीटी की हार का कारण बारिश को माना जा रहा है।

## ओलंपिक मेडल गंगा में बहाएंगे खिलाड़ी बोले-अब लग रहा है जीते ही क्यों थे?

### हरिद्वार जंतर-मंतर से लौटे पहलवान,अब इंडिया गेट पर आमरण अनशन

**पानीपत (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना देने वाले पहलवान हरिद्वार में अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करेंगे। ये पहलवान रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे। रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद ये जंतर-मंतर से लौट आए हैं। रेसलर साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मेडल्स गंगा में प्रवाहित करने के बाद इंडिया गेट पर आमरण अनशन करेंगे। साक्षी ने लिखा- हमने पवित्रता से इन मेडल को हासिल किया था। इन मेडल को पहनाकर तेज सफेदी वाला तंत्र सिर्फ अपना प्रचार करता है। फिर हमारा शोषण करता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को नहीं लौटाएंगे, क्योंकि उन्होंने हमारी कोई सुध नहीं ली।



इसे लेकर पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि 28 मई को जो हुआ वह आप सबने देखा। पुलिस ने हम लोगों के साथ क्या व्यवहार किया। हमें कितनी बर्बरता से गिरफ्तार किया। हम शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। हमारे आंदोलन की जगह को भी पुलिस ने तहस नहस कर हमसे छीन लिया और अगले दिन गंभीर मामलों में हमारे ऊपर ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। क्या महिला पहलवानों ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के लिए न्याय मांगकर कोई अपराध कर दिया है। पुलिस और तंत्र हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है, जबकि उत्पीड़क खुली सभाओं में हमारे ऊपर फब्तियां कस रहे हैं। टीवी पर महिला पहलवानों को असहज कर देनी वाली अपनी घटनाओं को कबूल करके उनको ठहाकों में तब्दील कर दे रहा है। यहां तक कि पाक्सो एक्ट को बदलवाने की बात सरेआम कह रहा है। महिला पहलवान अंदर से ऐसा महसूस कर रही हैं कि इस देश में हमारा कुछ बचा नहीं है। हमें वे पल याद आ रहे हैं जब हमने ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीते थे। अब लग रहा है कि क्यों जीते थे। क्या इसलिए जीते थे कि तंत्र हमारे साथ ऐसा घटिया व्यवहार करे। हमें घसीटे और फिर हमें ही अपराधी बना दे। कल पूरा दिन हमारी कई महिला पहलवान खेतों में छिपती फिरी हैं।

### इसलिए गंगा में प्रवाहित करेंगे ओलंपिक में जीते मेडल

साक्षी मलिक ने कहा कि इन मेडलों को हम गंगा में बहाने जा रहे हैं, क्योंकि वह गंगा मा हैं। जितना पवित्र हम गंगा को मानते हैं उतनी ही पवित्रता से हमने मेहनत कर इन मेडलों को हासिल किया था। ये मेडल सारे देश के लिए ही पवित्र हैं और पवित्र मेडल को रखने की सही जगह पवित्र मां गंगा ही हो सकती है। साक्षी मलिक ने लिखा कि मन में यह सवाल आया कि किसे लौटाएं ये मेडल। हमारी राष्ट्रपति को, जो खुद एक महिला हैं। मन ने ना कहा, क्योंकि वह हमसे सिर्फ दो किलोमीटर दूर बैठीं सिर्फ देखती रहीं, लेकिन कुछ भी बोली नहीं। हमारे प्रधानमंत्री को, जो हमें अपने घर की बेटियां बताते थे। मन नहीं माना, क्योंकि उन्होंने एक बार भी अपने घर की बेटियों की सुध नहीं ली, बल्कि नई संसद के उद्घाटन में हमारे उत्पीड़क को बुलाया। वह तेज सफेदी वाले चमकदार कपड़ों में फोटो खिंचवा रहा था। उसकी सफेदी हमें चुभ रही थी, मानो कह रही हो कि मैं ही तंत्र हूं।

## जम्मू में पुल से गिरी बस 10 की मौत और 57 घायल



### बस में सवार थे 75 यात्री, अमृतसर से वैष्णो देवी जा रहे थे सभी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू में कटरा से करीब 15 किमी दूर झज्जर कोटली के पास मंगलवार सुबह एक बस पुल से नीचे गिर गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हैं। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ सुरक्षाबलों ने रेस्क्यू चलाया और घायलों को अस्पताल भेजा।

यह बस अमृतसर से वैष्णो देवी जा रही थी। इसमें 75 यात्री सवार थे। सभी बिहार के रहने वाले थे। जम्मू के डिप्टी कमिशनर अवनी लवासा ने बताया कि हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य को हल्की चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों को जम्मू में भर्ती कराया गया है। घायलों का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया।

### ब्रेक फेल होने के कारण हुआ हादसा, संतुलन बिगड़ा और पुल के नीचे गिरी बस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे का कारण बस की ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। ब्रेक फेल होने के बाद बस ने अपना संतुलन खो दिया और झझर कोटली पुल से नीचे गिर गई। असिस्टेंट कमांडेंट अशोक चौधरी ने बताया कि यात्री कटरा जाते समय शायद रास्ता भूल गए और यहां पहुंच गए। इस हादसे में बचाव कार्य के लिए क्रेन लाई जा रही है। जिससे यह देखा जा सके कि बस के नीचे कोई फंसा तो नहीं है। जम्मू के एसएसपी चंदन कोहली ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। मामले की जांच के दौरान इसकी भी जांच की जाएगी।

## भाजपा के हर वार को न्यूट्रल कर रहा छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ




एक तरफ जहां देश भर में कांग्रेस का हिन्दुत्व विरोधी चेहरा दिखाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ की कांग्रेस नीत सरकार इसे हर तरह से काउंटर और न्यूट्रल करने में सफल रही है। पिछले कुछ सालों में हिन्दू एकजुटता और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ता आक्रोश ही भाजपा सरकार की मुख्य ताकत बनकर उभरी है। चुनाव आते ही ऐसे मामले और सोशल मीडिया पोस्ट पूरे शबाब पर आ जाते हैं जहां कुछ लोग चीख-चीख कर अपने हिन्दू होने का सबूत देने लगते हैं। उनका मानना है कि देश की जनता बहुत भोली है। उसे कुछ पता ही नहीं है. उन्हें लगता है कि चीख-चीख कर किसी बात को कहने से वह सच हो जाता है। पहले जहां यह साबित करने की कोशिश की जाती थी कि सोनिया विदेशी मूल की है वहीं अब विवाह के बाद इंदिरा के मुस्लिम हो जाने के लेकर इस आक्रोश को हवा दी जा रही है। पर देश भर में तस्वीर अब बदलने लगी है। इन आरोपों और बड़बोलेपन से लोग उकताने लगे हैं. लोग मदारियों के आसपास भीड़ लगाते हैं। उनकी ऊलजलूल बातें भी सुनते हैं। उनसे सांप भगाने की जड़ी, बिच्छू का जहर उतारने की बूटी, गंडे और ताबीज भी खरीद भी लेते हैं। पर जब काम याद आता है तो एक-एक कर खिसक भी जाते है। विभिन्न राज्यों के चुनावी परिणाम यही बता रहे हैं कि लोगों का भ्रम टूट रहा है। बेकार की बातों में उनकी रुचि कम हो रही है। इस बीच विवाह के बाद इंदिरा के मुस्लिम हो जाने को लेकर एक दिलचस्प जानकारी हाथ लगी है. इंदिरा के पति फिरोज खान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे मूल रूप से पारसी थी. यहां बता दें कि पारस देश की स्थापना ऋषि अत्रि के वंशजों ने की थी। ऋषि अत्रि सप्तऋषियों में से एक हैं। देश के कृषि विकास में उनका अनुपम योगदान रहा है। पारसी भी अग्नि के उपासक थे। विष्णु के अंश से महायोगी दत्तात्रेय, ब्रह्मा के अंश से चन्द्रमा तथा शंकर के अंश से महामुनि दुर्वासा भी अत्रि-अनुसूया के ही पुत्र थे। मुसलमानों के अत्याचारों से त्रस्त होकर पारसी पहले दीव (दमण और दीव) में आकर बसे और फिर गुजरात और मुम्बई में बस गए। इनमें से कुछ लोगों का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन किया गया था जबकि पारसी भी भारतीयों के सहोदर हैं। अब जबकि संसद में अखण्ड भारत या भारत के प्रभाव वाले क्षेत्र का म्यूरल लग ही गया है तो इस बात की जानकारी सभी को होनी चाहिए। बहरहाल यहां बात छत्तीसगढ़ के न्यूट्रलाइजिंग फैक्टर की हो रही थी। छत्तीसगढ़ ने जहां राम वनगमन पथ से प्रभु श्रीराम की सेवा की, वहीं गौधन की सुरक्षा को लेकर भी अभिनव प्रयास प्रारंभ किये। मुख्यमंत्री ने शंकराचार्यों को अपने निवास पर बुलाकर शिव के निमित्त खड़ाऊं पूजा, उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अब कम से कम छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस सर्टिफाइड हिन्दू है।









## संपादकीय

# बढ़ते तमाशबीन

कभी-कभी हिंसा के ऐसे दृश्य सामने आते हैं कि निंदा के लिए शब्द कम पड़ने लगते हैं। दिल्ली के शाहबाद डेयरी क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़की की जिस तरह से सरेआम हत्या की गई है, उसे भुलाना मुश्किल है। निर्ममता हमेशा से हमारे समाज के किसी कोने-अंधेरे में रहती आई है, पर इस मामले में जिस तरह से सरेराह हिंसा देखी गई है और उसके प्रति लोगों में जो शर्मनाक उदासीनता देखी गई है, वह अपने आप में किसी अपराध से कम नहीं है। वह हत्यारा एक नाबालिग लड़की को मिनटों तक मारता रहा, दस से ज्यादा लोग आसपास से अपनी गति में गुजरते रहे। हत्यारे ने चाकू से वार पर वार किए और लड़की का सिर तक कुचल दिया, तब भी लोग बचाव के लिए सामने नहीं आए। कोई एक तमाशबीन भी शोर तक मचाने के लिए कुछ पल खड़ा न हुआ। एक व्यक्ति ने हत्यारे का हाथ पकड़ने की कोशिश की, पर झटके जाने के बाद हिम्मत न जुटा सका। मतलब, दस में से किसी एक व्यक्ति ने आधे से भी कम मन से प्रयास किया। अगर यहां से कोई आंकड़ा निकाला जाए, तो आज समाज में दस में से कोई एक आदमी भी सामने हो रही हत्या या अन्याय को रोकने के लिए आगे आने को तत्पर नहीं है। यह उस लड़की का भी दुर्भाग्य है कि सौ में से जो पांच-छह न्यायप्रिय साहसी लोग समाज में होंगे, उनमें से कोई भी हत्या के वक्त गली से नहीं गुजरा। वह अकेली जूझती रही और अंतत समाज की उदासीनता से हार गई।

> “ खैर, अब लोगों की निगाह न्यायपालिका पर टिक गई है कि वह जल्द से जल्द इस मामले में न्याय करे। साथ ही, एक सभ्य समाज के रूप में हमें अपने नागरिकों को उनके कर्तव्यों का बोध कराना भी जरूरी हो गया है। हम अपना हक पाने, मांगने के लिए तो कहीं भी लड़ जाते हैं, लेकिन कर्तव्य या जिम्मेदारी निभाने की जब बात आती है, तो कतराकर निकल जाते हैं। यह समय है, जब हमें व्यापक रूप से समाज और संस्कृति सुधार के बारे में सोचना चाहिए।

उस लड़की के माता-पिता बिलख रहे हैं और हत्यारे के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। यह अच्छी बात है कि काफी कम समय में पुलिस अपराधी तक पहुंच गई है। अब इस मामले में पूरी तेजी के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में त्वरित सजा से ही समाज में सही संदेश दिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अपराधी लड़के को कथित रूप से यह शिकायत थी कि लड़की उससे दोस्ती रखना नहीं चाहती थी। क्या वह लड़का इतना जाहिल था कि उसे अपनी बात मनवाने के लिए सभ्य तरीके नहीं आते थे? क्या वह लड़का यह मानता था कि किसी लड़की की मर्जी का कोई अर्थ नहीं है? क्या कोई लड़की अपनी मर्जी से दोस्त भी नहीं चुन सकती? क्या जबरन दोस्ती मुमकिन है? क्या कोई दोस्ती नहीं करेगा, तो उसकी हत्या हो जाएगी? यह दुस्साहस कहां से आ रहा है? समाज और देश में ऐसे सवाल बढ़ते जा रहे हैं, जिनका जवाब सभी लोगों को सोचना चाहिए। अगर हम गौर करें, तो पाएंगे कि ऐसी हत्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। दूसरों पर अपनी मर्जी जबरन थोपने का अपराध न जाने कितने लोग आज कर रहे हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने उचित ही कहा है कि एक अनपढ़ व्यक्ति भी कभी इतना क्रूर नहीं हो सकता है कि वह किसी को इस तरह से मार डाले। घटना के वक्त मौके पर कई लोग थे, लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। खैर, अब लोगों की निगाह न्यायपालिका पर टिक गई है कि वह जल्द से जल्द इस मामले में न्याय करे। साथ ही, एक सभ्य समाज के रूप में हमें अपने नागरिकों को उनके कर्तव्यों का बोध कराना भी जरूरी हो गया है। हम अपना हक पाने, मांगने के लिए तो कहीं भी लड़ जाते हैं, लेकिन कर्तव्य या जिम्मेदारी निभाने की जब बात आती है, तो कतराकर निकल जाते हैं। यह समय है, जब हमें व्यापक रूप से समाज और संस्कृति सुधार के बारे में सोचना चाहिए।

### हम सब हिंसक हैं

हम हिंसक क्यों हैं, इसकी हजारों व्याख्याएं हैं। हमारे पास जितनी अधिक व्याख्याएं होती हैं, उतना ही हमें लगता है कि हम इस बात को समझते हैं, लेकिन बात जस की तस बनी रहती है। तो कृपया यह हमेशा ध्यान रखें कि विवरण वर्णित नहीं है; जो समझाया जाता है, वह नहीं है। हिंसा संबंधी ऐसे कई स्पष्टीकरण हैं, जो काफी सरल और स्पष्ट हैं। जैसे, भीड़भाड़ वाले शहर, अधिक जनसंख्या, आनुवंशिकता और बाकी सब; हम इन सबको एक तरफकर सकते हैं। तथ्य यह है कि हम हिंसक लोग हैं। दरअसल, बचपन से ही हमारा पालन-पोषण हिंसक, प्रतिस्पर्द्धी, एक-दूसरे के प्रति पशुवत होने के लिए किया जाता है। हमने कभी सच्चाई का सामना ही नहीं किया। कृपया इसे ध्यान से, अर्थात स्नेह से सुनें। जब आप यह प्रश्न पूछते हैं कि 'हम इसके बारे में क्या करें?' आपका उत्तर हमेशा अतीत के अनुसार होगा, क्योंकि वही एक चीज है, जिसे आप जानते हो- आपका पूरा अस्तित्व ही अतीत पर आधारित है, आपका जीवन अतीत है। यदि आपने कभी अपने आप को ठीक से देखा है, तो आप देखेंगे कि आप अतीत में किस असाधारण सीमा तक जी रहे हैं। सभी सोच, अतीत की स्मृति, ज्ञान और अनुभव की प्रतिक्रिया है। इसलिए आपका सोचना कभी नवीन नहीं होता, कभी अतीत से मुक्त नहीं होता। सोचने की इस प्रक्रिया से आप जीवन को देखते हैं, और इसीलिए जब आप यह पूछते हैं कि मैं हिंसा के बारे में क्या करूं? तो आप पहले ही तथ्य से भाग चुके होते हैं। तो क्या हम यह सीख सकते हैं, निरीक्षण कर सकते हैं कि हिंसा क्या है? आप इसे कैसे देखते हैं? क्या आप इसकी निंदा करते हैं? क्या आप इसे सही ठहराते हैं? अगर नहीं, तो आप इसे कैसे देखते हैं? यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है। क्या आप इस परिघटना को देखते हैं, जो स्वयं एक हिंसक इंसान के रूप में है? एक बाहरी व्यक्ति के रूप में, जो भीतर देख रहा है? या आप इसे बिना सेंसर के देखते हैं? जब आप देखते हैं, तो क्या एक पर्यवेक्षक के रूप में देखते हैं, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो कहता है, 'मैं हिंसक नहीं हूं, लेकिन मैं हिंसा से छुटकारा पाना चाहता हूं?' जब आप इस तरह देखते हैं, तो आप एक टुकड़े को अन्य टुकड़ों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। जब आप एक टुकड़े के रूप में दूसरे टुकड़ों को देखते हैं, तब उस एक टुकड़े ने अधिकार ग्रहण कर लिया है, और वह टुकड़ा विरोधाभास, और इसलिए संघर्ष का कारण बनता है।... तो जब तक आप स्वयं इस विरोधाभास की जड़ को नहीं समझेंगे, तब तक आपके पास आनंद का जीवन नहीं हो सकता।

**जे कृष्णमूर्ति**

### रजाकारों का तांडव

शोलापुर, 29 अप्रैल। समाचार मिले हैं कि शोलापुर जिले के वारसी ताल्लुके में स्थित अलकपुर नामक एक गांव पर, जो हैदराबाद-बम्बई की सीमा पर निजाम के प्रदेश से मिला हुआ है, हैदराबाद के रजाकारों तथा गुण्डों ने गोली चलाई। बम्बई सरकार की एक प्रकाशित विज्ञप्ति में बताया गया है कि शोलापुर जिले के कौदगांव पर निजाम के लगभग 350 सशस्त्र गुण्डों ने किस प्रकार प्रवेश करके गांव को घर लिया तथा चारों ओर से गोलियां चलाईं। परन्तु उनको बुरी तरह से पछाड़ा गया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें क्षति उठानी पड़ी। विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि गत 10 अप्रैल को निजामी आक्रमणकरियों ने उक्त गांव में अपना झण्डा लगाने के अभिप्राय से प्रातकाल 10 बजे गांव की सीमा में प्रवेश करने का प्रयास किया। इस पर गांव में नियत पुलिस दल ने गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीणों की सहायता से आक्रमणकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया, तथा निजाम के उक्त गुण्डों पर इस प्रकार गोली चलाई कि उन्हें दुम दबाकर भागना पड़ा।

> “ मैं बीते नौ साल को भारत की आशा, आकांक्षा और विश्वास के साल मानता हूं, जहां देश के हर एक नागरिक को अपने देश पर गर्व हुआ है। बीते नौ वर्षों में भारत प्रगति, प्रकृति, मानवता और लोक-कल्याण का अद्भुत संगम बना है। इन नौ वर्षों ने भविष्य के भारत की नींव रखी है, जो 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होने वाली है। आइए, हम सब देशवासी एकजुट होकर देश के पुनर्निर्माण के यज्ञ में अपनी आहुति दें और भारत को विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने में अपने आप को समर्पित करें।

# विकास और मानवता का संगम बना देश

राम नाथ कोविंद, पूर्व राष्ट्रपति, भारत



आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस दौरान भारत के हर क्षेत्र में विकास की दृष्टि से क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। मैं इस बदलते भारत का साक्षी रहा हूं। पहले एक सामान्य नागरिक के रूप में, फिर एक राज्यपाल के रूप में, बाद में देश के राष्ट्रपति के रूप में और अब पूर्व राष्ट्रपति के रूप में मैंने इन परिवर्तनकारी बदलावों को बहुत ही नजदीक से अनुभव किया है। देश के एक नागरिक के रूप में मैं इतना निश्चित रूप से कहना चाहता हूं कि मेरा देश बदल रहा है। यह अनुभव आज देश का हर नागरिक कर रहा है। साथ ही, पूरी दुनिया भी भारत में बीते नौ सालों में आए बदलाव से आश्चर्यचकित है और भारत को सलाम कर रही है।

बीते नौ वर्षों में वैश्विक मंचों पर निरंतर भारत की ताकत का आभास होना सुखद संकेत है। यह ताकत इसलिए भी बढ़ रही है, क्योंकि दुनिया अब युद्ध नहीं, शांति चाहती है। भारत अपनी शांति, मानवतावादी सोच एवं हिंसा-युद्ध विरोधी नीतियों से सभी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिस तरह वैश्विक समुदाय का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है, उससे यही पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की भूमिका बढ़ रही है एवं मजबूत हो रही है। इसका एक प्रमाण अभी हाल ही में हमने जापान, फिजी और ऑस्ट्रेलिया में भी देखा। भारत में जी-20 बैठक का जिस तरह से सफल आयोजन हुआ, वह पूरे देश को गौरवान्वित करने वाला है। श्रीनगर में जी-20 की बैठक का सफल आयोजन वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते कदम का मजबूत हस्ताक्षर है। श्रीनगर के साथ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में जी-20 की बैठकों का आयोजन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के दर्शन को चरितार्थ करता है।

मुझे बीते नौ वर्षों में जिस बात से सबसे अधिक प्रसन्नता हुई है, वह यह है कि इस कालखंड में देश के गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, पिछड़े, महिलाएं एवं युवा, सभी सशक्त हुए हैं। आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। देश के युवा वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। सामाजिक न्याय के लिए नरेंद्र मोदी सरकार समर्पित रही है, क्योंकि सरकार की कार्य-संस्कृति का आधार ही 'सबका साथ, सबका विकास' रहा है। बीते नौ साल में लगभग 48 करोड़ लोगों के लिए बैंक के द्वार खुले, बिजली से वंचित 18 हजार से अधिक गांवों और लगभग चार करोड़ घरों में बिजली पहुंची, लगभग तीन करोड़ गरीबों के घर बने, लगभग 11 करोड़ शौचालय बनाए गए, 9.5 करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किए गए, देश के 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का कवच दिया गया, करोड़ों एलईडी बल्ब वितरित किए गए, लाखों गांवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया, किसानों और मजदूरों के लिए मासिक पेंशन की व्यवस्था की गई और 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सशक्त बनाया जा रहा है। देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को जरूरी राशन मुफ्त में दिया जा रहा है। यही तो वे बुनियादी आयाम हैं, जिनकी भारत वर्षों से बाट जोह रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न केवल देश को हर मोर्चे पर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, बल्कि वह इतिहास की कई गलतियों को भी सुधार रहे हैं और 'न्यू इंडिया' के मजबूत संकल्प को साकार कर रहे हैं। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया है, आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार हुआ है और मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से आजादी मिली है। बीते नौ वर्षों में देश गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाने की राह पर चल पड़ा है।

देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए। आज भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है, लेकिन इतने वर्षों बाद भी लोकतंत्र का हमारा मंदिर संसद ब्रिटिश कालीन निर्मित भवन में चल रहा था, जिसे संसद भवन के रूप में बनाया ही नहीं गया था। वर्षों से नए संसद भवन की जरूरत थी। मैंने भी एक सांसद के रूप में एक नए भवन की जरूरत महसूस की थी। कई बार इस पर चर्चा हुई, लेकिन पहल नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन के निर्माण का बीड़ा उठाया और रिकॉर्ड समय में हमारा नया संसद भवन बनकर तैयार हुआ। पूरा देश इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना। यह भारत के महान लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महती योगदान देगा। संसद भवन में देश की आजादी के समय सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल को भी पूरे विधि विधान के साथ स्थापित किया गया, जो हमारी महान विरासत का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य मुझे भी मिला।

नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्षों में भारत ने कई चुनौतियों को परास्त करते हुए इसे देश के लिए अवसर में बदला है। कोरोना काल में देश ने जिस तरह एकजुटता दिखाई और इसे मात दी, वह वाकई काबिलेतारीफ है। कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध तथा दुनिया में आई आर्थिक मंदी के बावजूद भारत सबसे तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। नरेंद्र मोदी सरकार के विजन से भारत नौ वर्षों में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भारत आज रक्षा उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। सीमा सुरक्षा मजबूत हुई है। सीमा सुरक्षा और सीमा पर बसे गांवों में रहने वाले लोगों के सशक्तीकरण के उद्देश्य के साथ शुरू हुई 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' की जितनी तारीफकी जाए, कम है।

मैं बीते नौ साल को भारत की आशा, आकांक्षा और विश्वास के साल मानता हूं, जहां देश के हर एक नागरिक को अपने देश पर गर्व हुआ है। बीते नौ वर्षों में भारत प्रगति, प्रकृति, मानवता और लोक-कल्याण का अद्भुत संगम बना है। इन नौ वर्षों ने भविष्य के भारत की नींव रखी है, जो 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होने वाली है। आइए, हम सब देशवासी एकजुट होकर देश के पुनर्निर्माण के यज्ञ में अपनी आहुति दें और भारत को विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने में अपने आप को समर्पित करें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रशासन में गहरे पैठी समीर वानखेड़े जैसी प्रवृतियां

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



समीर वानखेड़े केवल एक नाम नहीं है, जो 2 अक्तूबर, 2021 को मुंबई के समुद्री जल में तैरते कॉर्डेलिया क्रूज से मौज-मस्ती के लिए एकत्रित लोगों में से कुछ की ड्रग्स-सेवन के लिए की गई गिरफ्तारी के सिलसिले में चर्चित हुआ था। उसके चर्चा में आने का महत्वपूर्ण कारण बॉलीवुड के बड़े नाम शाहरुख खान के युवा बेटे आर्यन खान का भी इन गिरफ्तार लोगों में से एक होना था। यह आम जानकारी का विषय है कि चकाचौंध भरी फिल्मी दुनिया में ड्रग्स या नशीली दवाओं का सेवन सामान्य है, और इसीलिए शुरू में इस तथ्य के बावजूद कि आर्यन के पास से कोई ड्रग बरामद नहीं हुआ था, अधिकांश लोगों ने मान लिया था कि वह भी इनका सेवन करता होगा। बाद में जैसे-जैसे तथ्य सामने आते गए, समझ में आता गया कि सच वही नहीं है, जो पहले नंगी आंखों से दिख रहा था, और तभी यह भी स्पष्ट हो गया कि समीर वानखेड़े एक प्रवृत्ति है, जो भारतीय नौकरशाही में गहरे पैठी हुई है। आज जब अपनी करतूतों के चलते वह जेल जाने के कगार पर है, इस प्रवृत्ति का अध्ययन दिलचस्प होगा।

हमारी नौकरशाही का वर्तमान ढांचा बर्तानवी हाकिमों की देन है। उन्होंने ही इसमें विभिन्न काडर, उनकी भर्ती, प्रशिक्षण, तरक्की व दंड के प्रावधान बनाए थे। वे जानते थे कि दुनिया के किसी दूसरे समाज की तरह हिन्दुस्तान में भी भ्रष्ट होने की पूरी आशंकाएं हैं, और जरा से विचलन के चलते कोई भी राजकर्मी मौका मिलते ही लालच में पड़ सकता है। दुर्भाग्य से, आजादी के बाद हमारे शासक इसे भूल गए, फलस्वरूप हमें समीर वानखेड़े जैसे लोग अपने बीच किसी नाम की तरह नहीं, वरन् एक प्रवृत्ति के रूप में दिखते हैं। दरअसल, सभी सेवाओं में कुछ पद ऐसे होते हैं, जिन्हें मलाईदार या 'प्लम पोस्टिंग' कहते हैं, और इन पर नियुक्तियों के लिए तरह-तरह की जोड़-तोड़, सिफारिशों या लेन-देन चलता है। कोई व्यक्ति लंबे समय तक इन पदों पर रहकर अपनी हैसियत का दुरुपयोग कर सकता है, इसलिए इन पदों पर नियुक्ति के लिए चयन व अवधि के लिए कुछ नियम बनाए जाते हैं। मैंने समीर वानखेड़े को एक प्रवृत्ति इसलिए कहा है कि उस जैसे हर मामले में एक बात सामान्य रूप से पाई जाती है। हर बार आप पाएंगे कि नियुक्ति के समय तयशुदा शर्तों के साथ छेड़छाड़ की गई है और एक बार नियुक्त होने के बाद निर्धारित अवधि में बार-बार वृद्धि भी उन्हीं हथकंडों से हासिल की जाती रही, जिनका ऊपर उल्लेख किया गया है। समीर वानखेड़े की सेवा के ग्राफ पर एक नजर डालते ही स्पष्ट होने लगता है कि उसके करियर में बार-बार स्थापित परंपराओं का उल्लंघन किया गया है। यह आम जानकारी है कि देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में तैनाती के लिए इस सेवा के अधिकारियों में होड़ लगी रहती है। हालांकि, इसका यह मतलब हरगिज नहीं है कि वहां नियुक्त हर अधिकारी भ्रष्ट है। मगर वानखेड़े का प्रसंग भिन्न है।

मुंबई में ही एक दूसरे विभाग पुलिस में भी ऐसा ही एक उदाहरण हालिया दिनों में दिखा था, जब सचिन वाझे नामक एक इंस्पेक्टर ने अपने जिन कर्मों-कुकर्मों के चलते पूरे देश का ध्यान खींचा था। उसका करियर ग्राफ भी समीर वानखेड़े की तरह ही है। पग-पग पर उसे अपने कुछ विभागीय अधिकारियों व प्रभावी राजनेताओं का संरक्षण मिलता रहा और सारे कानून-कायदों का उल्लंघन करते हुए उसे नियुक्तियां व तरक्कियां मिलती रहीं। दोनों मामलों मे यह भी समानता रही कि वे जब तक सामान्य जन को लूटते रहे, उनका बाल भी बांका नहीं हुआ। वे फंसे तभी, जब उन्होंने किसी ताकतवर शख्स पर हाथ डाला- समीर ने शाहरुख के बेटे को फंसाने की कोशिश की और सचिन ने मुकेश अंबानी से वसूली की सोची। दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि हमारे लोकतंत्र में आम जनता के लिए न्याय अब भी एक दुर्लभ कामना है।

समीर वानखेड़े जैसी प्रवृत्तियां बार-बार न दोहराई जाएं, इसके लिए जरूरी है कि नौकरशाही में समय की कसौटी पर खरी उतरी परंपराओं के साथ छेड़छाड़ न की जाए। इस छेड़छाड़ के लिए किसी एक सरकार या दल को हम दोषी नहीं ठहरा सकते। सभी ने अपने-अपने हितों के लिए भ्रष्ट अफसरों को संरक्षण दिया है। लेकिन इससे नुकसान तो सामान्य जन का ही होता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नार्को टेस्ट: आंदोलन की दिशा बदल न जाए

राजेंद्र सजवान

कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों द्वारा छोड़ा गया नार्को टेस्ट का तीर अगर आत्मघाती साबित हो जाए तो हैरानी नहीं होनी चाहिए।

पहलवानों ने अपनी लड़ाई को ग्लोबल मंच पर ले जाने के लिए हुंकार भरी तो लगा कि अब उनका आंदोलन सही दिशा में बढ़ चला है, लेकिन यकायक उन्होंने फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण का नार्को टेस्ट कराने की मांग कर डाली। जवाब में बृजभूषण ने भी बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के नार्को टेस्ट की मांग कर दी।

लगभग तीन सप्ताह बाद पहलवानों की लड़ाई में एक बड़ा ट्विस्ट यह देखने को मिला कि वे जंतर मंतर से बाहर सड़कों पर निकल पड़े, आम नागरिक और खेलप्रेमियों से अपनी लड़ाई को मजबूती देने की गुहार लगाने लगे। इस अभियान को मजबूती देने के लिए उन्होंने गांधी समाधि पर जाकर बापू से आशीर्वाद लिया और देशवासियों को संदेश भेजा कि राजनेता उनका शोषण कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाले झूठ पर झूठ बोल कर उनके धर्मयुद्ध को कमजोर कर रहे हैं। लेकिन उस समय जबकि पहलवान लगातार हावी होते दिखाई दे रहे थे, नार्को टेस्ट की मांग कर शायद उन्होंने बृजभूषण जैसे खिलाड़ी को हावी होने का मौका दे दिया। दूसरी तरफ, पहलवान हैं जो खाप पंचायतों, नागरिक संगठनों और संपूर्ण खेल बिरादरी से लगातार समर्थन मांग रहे हैं। इस बीच यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि कुछ शरारती तत्व उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में जुटे हैं। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया के अनुसार जो लोग उनके न्याय युद्ध को राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि सरकार जानबूझ कर हमारी लड़ाई को कमजोर करने की कुचेष्टा में लगी है।

विनेश कहती हैं कि सरकार को सच में बेटियों की चिंता होती तो उन्हें इस कदर सड़कों पर भटकने के लिए मजबूर नहीं किया जाता। साक्षी के अनुसार प्रधानमंत्री या अन्य कोई जिम्मेदार मंत्री हमें न्याय दिलाने के लिए आगे आता तो शायद इस कदर भटकना नहीं पड़ता। बजरंग पूनिया ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह इस लड़ाई में अपना सब कुछ न्योछावर कर देंगे लेकिन पीछे हटने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उनके अनुसार खाप पंचायतों और किसानों को आंदोलन का हिस्सा बनाना गलत नहीं है, और न ही इसे किसी प्रकार की राजनीति माना जाए। सबकी बहन-बेटियां हैं और पूरा देश उनके समर्थन में नहीं उतरा तो बृजभूषण जैसे लोगों को बढ़ावा मिलेगा।

पहलवान कह रहे हैं कि उन्होंने अपने साथ हो रहे अन्याय का मामला वैंकि मंच पर उठाया है, और कई देशों के खिलाड़ी और खेल मुखिया उनकी मदद को तैयार हैं। यदि सचमुच ऐसा हो रहा है, तो पहलवानों और सरकारी तंत्र के बीच कटुता स्वाभाविक है। वैसे भी उन्होंने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और जांच समिति की प्रमुख मैरी कॉम को सिरे से खारिज कर दिया था। पहलवान कह रहे हैं कि भारतीय खेलों की शीर्ष महिलाओं ने उन्हें धोखा दिया। खेल मंत्री और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी भी गुनहगार को बचाते नजर आ रहे हैं, और उनके आंदोलन पर सरकारी मशीनरी बार-बार प्रहार कर रही है। कुछ पहलवानों के अनुसार जब बातचीत से काम नहीं बना और पहलवानों ने झुकने से इंकार कर दिया तो उनमें फूट डालने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नार्को टेस्ट की मांग कर पहलवानों ने शायद आत्मघाती दांव खेला है, जिसकी काट बृजभूषण का पलटवार हो सकता है। शायद पहलवान अपने अध्यक्ष का शातिरपना भांपने में चूक गए। बृजभूषण को जो चाहिए था पहलवानों ने परोस कर दे दिया है। हालांकि नार्को टेस्ट को लेकर न्यायविद् और विशेषज्ञ एक राय नहीं हैं, और ज्यादातर का मानना है कि इस प्रकार का कोई टेस्ट होने नहीं जा रहा। वैसे भी ऐसे टेस्ट का कोई आधार भी नहीं है।

लेकिन पहलवानों ने नार्को रूपी कैच उछाला और नेता जी ने इसे बखूबी लपक लिया, लेकिन पहलवान नहीं मानते कि उनका आंदोलन भटक गया है। राजनीतिक दलों को आमंत्रित करना भी गलत नहीं है क्योंकि जब सरकार सच्चाई से मुंह मोड़ लेगी तो देश के किसान, जवान और आम और खास नागरिक से सहयोग मांगने में कोई बुराई नहीं है। विनेश फोगाट कहती हैं कि जो लोग उनके धर्मयुद्ध को क्षेत्र, जात और अखाड़े विशेष की लड़ाई बता रहे हैं, उनकी सोच में खोट है। इतना तय है कि यौन शोषण की शिकार पहलवानों को न्याय मिलने में जितनी देरी होगी, उनका और उनकी लड़ाई का हिस्सा बने लोगों का मनोबल टूट सकता है, और भारतीय खेल इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन किसी भी दिशा में बढ़ सकता है। बहरहाल, क्या नतीजा निकलता है, इसके लिए कुछ सप्ताह और महीनों तक इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन इतना तय है कि नार्को टेस्ट जुमला बन कर रह जाएगा।

### राजस्थान में मोदी के चेहरे पर चुनाव!

कर्नाटक में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा था और बुरी तरह हारी। नतीजों के बाद ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा था कि भाजपा इससे सबक लेगी और राज्यों में मजबूत क्षत्रपों के चेहरे आगे करेगी। कर्नाटक में हार का एक कारण येदियुरप्पा को हटाना और निराकार बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाना भी था। तभी कई राज्यों के प्रादेशिक क्षत्रपों की उम्मीद जगी थी और उनको लगा था कि अब उनको महत्व मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं होगा। भाजपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक इस साल जितने राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उन सबमें पार्टी नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि कर्नाटक में भाजपा मोदी के चेहरे पर हारी है इसलिए जरूरी है कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा मोदी के चेहरे पर जीते।

भाजपा के जानकार नेताओं का कहना है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश अलग राज्य हैं। वे कर्नाटक की तरह नहीं है। कर्नाटक में भले मोदी का जादू नहीं चला लेकिन हिंदी पट्टी के राज्यों में जरूर चलेगा। इसलिए कर्नाटक में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई राजस्थान और मध्य प्रदेश में होगी। राजस्थान में भाजपा विपक्ष में है और यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि किसी को सीएम दावेदार घोषित करके पार्टी लड़ेगी। लेकिन ऐसा नहीं होने जा रहा है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### राज्य शासन की सुराजी गांव योजना से महिलाएं बना रही समाज में अलग पहचान

**मोहला।** महिलाओं को अगर खुद को साबित करने के लिए सही अवसर, साधन एवं दिशा दी जाये तो कठिन से कठिन कार्य भी साकार किया जा सकता है। इसी विचार को सार्थक करते हुए राज्य शासन सुराजी गांव योजना के माध्यम से गौठानों में महिलाओं को रोजगार देकर अग्रणी भूमिका निभा रही है। आज वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वयं का रोजगार मिलने और आर्थिक उन्नति होने से समाज में अपनी अलग पहचान बना रही है। गौठानों में संचालित विभिन्न आयमूलक गतिविधियों का संचालन बड़ी आसानी से सफ्लतापूर्वक कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना से जिले के आदिवासी बाहुल्य वनांचल गौठान मोहला की महिला समूहों को समाज में अपनी अलग पहचान के लिए नया विकल्प एवं सुनहरा अवसर मिला। आदिवासी बाहुल्य मोहला गौठान की जय सांई स्वसहायता समूह की दीदीयों ने 1470 क्विंटल वर्मी का उत्पादन कर अब तक 4 लाख 8 हजार 72 रूपए का लाभांश प्राप्त किया है। जो उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है। आदिवासी बाहुल्य वनांचल मोहला गौठान की समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले आयमूलक रोजगार करने का प्रयास कर रहे थे परन्तु राशि, साधन एवं जगह की कमी के कारण नहीं कर पा रहे थे। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के आने से गौठान में शेड निर्माण, पर्याप्त बिजली एवं पानी की व्यवस्था के साथ बहुत सारी मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में उपलब्ध हुआ। जिससे महिला समूहों को आयमूलक रोजगार प्राप्त हुआ है। समूह की महिलाएं अपने सपनों को पूरा कर रही हैं। राज्य शासन की गोधन न्याय योजना से मोहला गौठान में जय सांई स्वसहायता समूह की महिलाओं ने 1470 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया।

### दाल भात केंद्र पहुंचकर संसदीय सचिव ने आम लोगों के साथ लिया भोजन का स्वाद

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने बस स्टैंड स्थित दाल भात केंद्र पहुंचकर आम नागरिकों के बीच यहां बने भोजन का स्वाद लिया। महंगाई की इस दौर में मात्र 10 रुपए में बस स्टैंड पहुंचने वाले मुसाफिरों और दिहाड़ी मजदूरी कर अपना घर परिवार चलाने वालों को दाल भात और सब्जी परोसा जा रहा है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि शासन की यह महत्वकांक्षी योजना गरीबों के लिए वरदान से साबित हो रहा है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ग्रामीण इलाके के दौरे में जाने से पहले बस स्टैंड स्थित दाल भात केंद्र पहुंचे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने बताया कि महंगाई की इस दौर में मात्र 10 रुपए में बस स्टैंड पहुंचने वाले मुसाफिरों और दिहाड़ी मजदूरी कर अपना घर परिवार चलाने वालों को दाल भात और सब्जी परोसी जा रही है।

# रामायण प्रतियोगिता के वृहद आयोजन से प्रदेश को मिली विश्व स्तरीय पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** प्रदेश के खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता समापन अवसर पर कहा कि प्रदेश में आदिवासी नृत्य महोत्सव, कौशल्या महोत्सव, राष्ट्रीय रामायण महोत्सव, रामायण मंडली प्रतियोगिता और अन्य आयोजन हुए है। इन सभी वृहद आयोजनों से प्रदेश को विश्व स्तरीय पहचान मिली है। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में ज्ञान गंगा मानस परिवार बचेली जिला दंतेवाड़ा की मंडली ने प्रथम, श्रीराम सिय मानस पथिक कोडगांव-कुरूद, जिला धमतरी ने दूसरा और देवकुमार मानस मंडली कुद्री-बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मंत्री अमरजीत भगत ने राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता रामायण मंडलियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने मंडली को




पांच लाख रूपए, द्वितीय स्थान वाली मंडली को तीन लाख रूपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को दो लाख रूपए की राशि का चेक, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 33 जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। समापन दिवस पर आज कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले के प्रतिभागियों ने रामायण प्रतियोगिता अपना प्रदर्शन किया।

मंत्री अमरजीत भगत ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कण-कण में भगवान श्रीराम का वास है। संस्कृति विभाग द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कला, परंपरा और सभ्यता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। संस्कृति विभाग द्वारा राज्य के कलाकारों को लगातार मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग का बजट भी दोगुना हो गया है। इससे कलाकारों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन एवं मानस गान के जरिए आराध्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।

मंत्री श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार रामायण मानस मंडली के जरिए प्रदेश में भगवान राम के आदर्शों और उनके जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने काम, अपनी संस्कृति अपनी बोली- भाषा अपने प्रदेश पर अभिमान हो, यह गर्व की बात है। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर भगवान श्री राम के द्वारा वनवास काल के दौरान छत्तीसगढ़ में की गई यात्रा से जुड़े स्थलों को संजोने के लिए राम वन गमन पर्यटन परिपथ योजना शुरू की है। योजना के तहत सीतामढ़ी हर-चौका से लेकर दंडकारण्य के अनेक स्थलों को चिन्हित कर उनको विकसित किया जा रहा है।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ 108 जोड़ों का विवाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। नगर के रावणभाठा स्थित सुनीता धर्मेंद्र साहू के निवास पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ 108 जोड़ों का विवाह संस्कार एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों का सम्मान समारोह के साथ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान तथा कोरोना काल में दिवंगत हुए 32 मृत आत्माओं की शांति के लिए दो दिवसीय गायत्री यज्ञ का शानदार आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे 27 मई 2023 को जल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होकर दीप यज्ञ एवं संगीत प्रवचन के साथ समापन हुआ।

द्वितीय दिवस 28 मई 2023 रविवार को प्रात: 8 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ विवाह दिवस संस्कार संपन्न किए गए इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनो के साथ-साथ अन्य लोग भी सपत्नीक उपस्थित हुए जिससे 108 जोड़ों के विवाह दिवस संस्कार यज्ञ के माध्यम से संपन्न कराया गया।

यज्ञ कर्ता ब्रह्मवादिनी बहनों ने दंपतियों का ऋषि परंपरा के साथ विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया जिसमें ग्रंथि बंधन, वर वधु की प्रतिज्ञाएं, सिंदूरदान, मंगल तिलक, माल्यार्पण,मिष्ठान्न अर्पण एवं सप्तपदी की क्रियाएं संपन्न कराई गई तत्पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति कर मिष्ठान वितरण प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ परिजनों का शाल एवं श्रीफ्ल भेंट कर सुनीता धर्मेंद्र साहू के द्वारा सम्मानित किया गया तथा अंचल के मेधावी छात्र छात्राओं का भी सम्मान हर्षोल्लास के वातावरण के साथ किया गया।

सुनीता साहू पति धर्मेंद्र साहू निवासी गरियाबंद छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोरोना काल में दिवंगत हुए 32 आत्माओं की शांति के लिए आहुति एवं प्रार्थनाएं भी की गई,कार्यक्रम में सभी दिवंगत परिजनों के परिवार जन उपस्थित रहे।विवाह दिवस संस्कार में प्रमुख रूप से सुनीता धर्मेंद्र साहू चमेली केशव साहू मिलेश्वरी शिवदयाल साहू सावित्री टीकम राम साहू यामिनी यादव पुरुषोत्तम यादव एम कुमारी साहू विष्णु सिन्हा सपत्नीक सहित नगर के व्यापारी गण परिवार सहित उपस्थित रहकर विवाह दिवस संस्कार से अभिभूत हुए।

## पारंपरिक मुर्गी पालन बना व्यवसाय महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से संबल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** प्राय: ग्रामीण अंचल में पशुपालन, मुर्गी पालन को पारंपरिक तौर पर किया जाता है, जिसका कोई व्यवसायिक उद्देश्य नहीं होता, यह स्वयं के उपभोग तक सीमित रहता है, लिहाजा जिससे उनका काम तो हो जाता है लेकिन उससे उन्हें किसी प्रकार की आय अर्जित नही होती। लेकिन गोठान के निर्माण से अब मुर्गी पालन भी व्यवसायिक रूप में किए जाने लगा है। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्तर में सुधार होने लगा है।

राज्य शासन की महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना आज ग्रामीणों के आय संवर्धन के साथ उनके परंपरागत कार्य पशु पालन को व्यवसाय के रूप में विकसित कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल बनाने का कार्य कर रही है। जिसके तहत ग्रामीण महिला एवं युवा जो पारंपरिक व्यवसाय अथवा पशु पालन करना चाहते है उनको सर्व सुविधायुक्त गोठान में जगह प्रदान कर उन्हें स्थायी व्यवसाय मुहैय्या करा रही है। जिससे ग्रामीण ऐसे स्थानों में बड़ी आसानी से अपने कार्यों को करते हुए उत्पादन निर्माण व विक्रय कर अच्छी आय अर्जित कर रहे है।

इसी प्रकार विकासखंड खरसिया का ग्राम नगोई गोठान है, जहां कबीर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं घरों में की जाने वाली छोटे स्तर के मुर्गी पालन को अब गोठान में कर अच्छी आय अर्जित करते हुए शुरुआती दौर में 30 हजार से अधिक अर्जित कर चुकी है। अब वृहद स्तर में करने की कोशिश कर रही है और वे काफी हद तक सफ्ल भी हो चुकी है। उनके मेहनत का रंग दिखने लगा है और माह में अच्छी खासी आय अर्जित कर रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुर्गी पालन के लिए अब तक एक ही शेड था, लेकिन अब दूसरा शेड बनाया जा चुका है, ताकि पर्याप्त मात्रा में चूजे रखकर ज्यादा लाभ अर्जित कर सके।

समूह में श्रीमती दिव्या चौहान, श्रीमती रूखमणी चौहान एवं लक्ष्मी चौहान काम करती है। उन्होंने बताया की गोठान में शासन द्वारा सर्वसुविधायुक्त मुर्गी शेड बनने से मुर्गी पालन में आसानी हो गई।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए 01 जून को छत्तीसगढ़ में पांच लाख लोग लेंगे शपथ

### छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल पर्यावरण संरक्षण के महाअभियान में जनभागीदारी की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 01 जून को पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ का कार्यक्रम रखा गया है। इसके तहत शपथ हिन्दी या अंग्रेजी में समूह या व्यक्तिगत रूप से लेकर उसका वीडियो व फोटो वॉट्सएप नम्बर 7415781776, 9109028361, 7415796619 पर 01 जून को प्रात: 8 बजे से भेजी जा सकेगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 01 जून को एक दिन में पांच लाख लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेंगे। प्रदेश में मिशन लाईफ कार्यक्रम के अंतर्गत लाईफ स्टाईल फॉर इन्वायरमेंट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। लाईफ प्लेज के अंतर्गत पूरे राज्य में एक साथ पांच लाख लोगों द्वारा प्लेज लिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे कि व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता लायी जा सके।




एक ही दिन में पांच लाख लोग शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दर्शायेंगे। पूरे प्रदेश में यदि पॉच लाख लोग एक साथ शपथ लेंगे या रायपुर जिले से शपथ की संख्या डेढ़ लाख से पार होगी, तो यह एक विश्व रिकार्ड होगा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सभी लोगों से यह आग्रह किया गया है कि वे 01 जून 2023 को पर्यावरण संरक्षण के लिये शपथ लेकर इस महाअभियान में भागीदार बनें।

शपथ इस प्रकार है-मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि पर्यावरण को बचाने के लिये अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाऊगा। मैं यह भी वचन देता हूं कि अपने परिवार, मित्रों व अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत् रूप से प्रेरित करूंगा।

# भारत निर्वाचन आयोग और ईसीआईएल के अधिकारियों ने राज्य स्तरीय कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा आज रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और एफएलसी सुपरवाइजर्स को ईवीएम/वीवीपीएटी की एफएलसी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।




कार्यशाला में उन्हें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपीएटी से संबंधित प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रकियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली और ईसीआईएल, हैदराबाद के अधिकारियों ने ईवीएम/वीवीपीएटी की एफएलसी के साथ ही ईवीएम की हैंडलिंग और जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में बताया। जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और एफएलसी सुपरवाइजर्स को ईवीएम व वीवीपीएटी के साथ इनका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के सचिव श्री बी.सी. पात्रा के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं ईवीएम नोडल अधिकारी श्री मस्तु दास तथा भारत निर्वाचन आयोग के अनुभाग अधिकारी श्री विभोर अग्रवाल ने ईवीएम एवं वीवीपैट के तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। ईसीआईएल के उप वरिष्ठ निदेशक श्री पी.सी. मंडल ने ईवीएम के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एफएलसी के लिए उपयोग में आने वाले जरूरी उपकरणों और कनेक्टर्स के बारे में भी बताया।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कार्यशाला में बताया कि राज्य में उपलब्ध कुल एक लाख 27 हजार 444 ईवीएम एवं वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य प्रत्येक जिला मुख्यालय में आगामी 10 जून से 27 जून तक किया जाएगा। आज हुई कार्यशाला में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं एफएलसी पर्यवेक्षकों को एफएलसी की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है, ताकि वे अपना कार्य जिला स्तर पर उत्कृष्ट तरीके से संपादित कर सकें।

छत्तीसगढ़ की अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिपिन माझी और डॉ. के.आर.आर सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल तथा सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा और श्रीमती शारदा अग्रवाल भी कार्यशाला में उपस्थित थीं। केरल के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनीस टी., बिहार के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री धीरज कुमार और झारखंड की विशेष कार्य पदाधिकारी श्रीमती गीता चौबे ने भी कार्यशाला में हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा राज्य के सभी जिलों में ईवीएम/वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जांच के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके लिए इंजीनियरों के 26 दलों का गठन किया गया है।

ये दल निर्धारित तिथियों में संबंधित जिलों का भ्रमण कर जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एफएलसी सुपरवाइजर्स के सहयोग से एफएलसी की प्रक्रिया पूर्ण करेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बालोद, बलौदाबाजार-भाटापारा, बलरामपुर-रामनुजगंज, बस्तर, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, जशपुर, कबीरधाम, कोंडागांव, कोरबा, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सूरजपुर, सरगुजा, कांकेर, जांजगीर-चांपा और महासमुंद जिले में 10 जून से 27 जून के बीच ईवीएम/वीवीपीएटी की एफएलसी की जाएगी।

### राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का कराना होगा ई-केवाईसी

**गरियाबंद।** राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना होगा जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में कुल 6,39,092 सदस्य है, जिनका ई-केवाईसी किया जाना है। निकटस्थ शासकीय उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी दर्ज करा सकते हैं। वर्तमान में जिले में 1 लाख 98 हजार 890 राशनकार्ड विभिन्न राशन दुकानों में है। इनमें 1 लाख 87 हजार 54 बीपीएल राशनकार्ड है। वहीं 11 हजार 836 एपीएल राशनकार्ड है। सभी प्रकार के राशनकार्ड में दर्ज सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना है। सदस्य जिनका ई-केवाईसी आज तक पूर्ण नहीं हो पाया हैं, वे समस्त राशनकार्डधारी अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी अपने निकटस्थ शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से शीघ्र दर्ज करवाएं।









## खास खबर...

### 2 जून को कांग्रेस का बस्तर संभाग सम्मेलन

**रायपुर।** आसन्न विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बस्तर संभाग का संभागीय सम्मेलन का आयोजन 2 जून 2023 को जगदलपुर के कृष्णा गार्डन, धरमपुरा में सुबह 11 बजे किया गया है, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश प्रभारीगण डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ एवं समस्त मंत्रीगण छत्तीसगढ़ शासन, समस्त सदस्यगण लोकसभा एवं राज्यसभा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिवगण राजेश तिवारी, विकास उपाध्याय, पारस चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में बस्तर संभाग के समस्त विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला प्रभारी पदाधिकारीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटियो के कार्यकारिणी, समस्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं सभापति, नगर पालिका निगम के महापौर एवं सभापति एवं पार्षदगण, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षगण, निगम मंडल बोर्ड के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण कृषि उपज मंडी, सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेंगे।

### पत्रकारिता दिवस पर राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। इस निबंध प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए ''आजादी का अमृत महोत्सव और पत्रकारिता'' विषय पर निबंध लिखकर भेजना है। दोनों स्तरों पर अलग - अलग विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही दोनों श्रेणियों में सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों एवं चयनित उत्कृष्ट निबंधों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक आजादी का अमृत महोत्सव और पत्रकारिता में प्रकाशित किया जाएगा। साथ इस पुस्तक में पत्रकारिता के विशेषज्ञों के आलेख भी प्रकाशित किए जाएंगे।

### नगरपालिका उप निर्वाचन जून 2023 के लिए कार्यक्रम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही नगर पालिका के ऐसे क्षेत्र जहां निर्वाचन संपन्न होना है वहाँ निर्वाचन संपन्न होने तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी। आयोग से इस संबंध में संबंधित कलेक्टर और ज़िला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) को आदेश जारी कर कार्यक्रम की जानकारी दी गयी है। नगर पालिकाओं के उप निर्वाचन जून 2023 के तहत नगरीय निकायों के पार्षद पदों का निर्वाचन होगा। आयुक्त छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ठाकुर राम सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक़ प्रदेश के आठ ज़िलों के नौ नगरीय निकाय के नौ वार्ड में पार्षद का चुनाव किया जाना है। इसमें नगरपालिका परिषद् चांपा जिला-जांजगीर-चांपा, नगर पंचायत खोंगापानी जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नगर पंचायत खरोरा जिला-रायपुर, नगर पंचायत तुमगांव जिला-महासमुंद, नगर पालिक निगम दुर्ग और नगरपालिका परिषद अहिवारा जिला-दुर्ग, नगरपालिका परिषद कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव शामिल हैं।

# सरगुजा की भाजियों का स्वाद मैं आज तक नहीं भूला: भूपेश बघेल

**सरगुजा की भाजियों का स्वाद मैं आज तक नहीं भूला**

**सरगुजा के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से कराया भोजन**

**भेंट-मुलाकात के दौरान जिन ग्रामीणों के घर मुख्यमंत्री ने किया भोजन उन्हें सपरिवार मुख्यमंत्री निवास में कराया भोज**

**सरगुजा की छात्रा मधुलिका की स्केचिंग से प्रभावित हुए मुख्यमंत्री, खैरागढ़ विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु सहायता के दिए निर्देश**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सरगुजा संभाग में जिन ग्रामीण परिवारों के घर भोजन किया था, मुख्यमंत्री ने उन्हें अपने निवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि मैंने आप सब के घर भोजन किया था, जिस स्नेह और अपनत्व से आप लोगों ने मेरा स्वागत किया उससे मैं अभिभूत हूं। सरगुजा और जशपुर में आप सभी ने अनेक तरह के फल और भाजियां परोसी थी, उनका स्वाद आज तक मैं नहीं भूला हूं।

आज मुझे आप सभी को अपने निवास पर आमंत्रित कर स्वागत करने का अवसर मिला है। भोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के पास जाकर बड़ी आत्मीयता से मुलाकात की और उनके घर-परिवार का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सरगुजा से आए मेहमानों का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन मूंग दाल का देहाती बड़ा, मूंग भाटा आलू की सब्जी, टमाटर चटनी और आम के पना के जायके के साथ स्वागत किया।

सरगुजा के ग्राम- करजी से आयी कुमारी मधुलिका प्रजापति ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताया कि जब आप मेरे घर भोजन के लिए आये थे तो मैंने आपको अपने द्वारा बनाया आपका स्केच भेंट किया था। आपको स्केच भेंट करती फ़ोटो जनमन पत्रिका के कवर पर प्रकाशित हुई है। इसे देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। इसीलिये मैं आज फिर आपका स्केच बनाकर आपको भेंट करने लाई हूँ। मधुलिका ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और आगे खैरागढ़ विश्वविद्यालय से चित्रकला की पढ़ाई करना चाहती हूं। मुख्यमंत्री ने मधुलिका की कला की खूब सराहना की और खैरागढ़ विश्वविद्यालय में उसका दाखिला कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आमंत्रण पर उनके निवास पहुंचे पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के बागबहार निवासी गौरीशंकर यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमने कभी सोचा भी नहीं था कि मुख्यमंत्री जी कभी हमारे यहां भोजन के लिए आएंगे। हमने उन्हें देशी खाना खिलाया था, जिसे मुख्यमंत्री जी ने बड़े प्रेम से ग्रहण किया। आज मुख्यमंत्री जी ने हमें अपने निवास पर भोजन के लिए आमंत्रित कर हमें सम्मान दिया है।

सीतापुर विधानसभा के मैनपाट विकासखण्ड के ग्राम राजापुर से आए श्री राजनाथ एक्का ने बताया हमने कभी सोचा भी नहीं था कि मुख्यमंत्री जी आदिवासी किसान के घर आएंगे, उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि हम लोगों ने मुख्यमंत्री जी को लकड़ा की चटनी और कोइलरी भाजी खिलाई थी। आज मुख्यमंत्री निवास आकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को घर से लाया गुड़ और अपने बाग की लीची भेंट की।

सामरी विधानसभा के शंकरगढ़ से आए, जहां से मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पिछले वर्ष 4 मई को भेंट-मुलाकात की शुरुआत की थी, शंकरगढ़ के श्री सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री उनके घर भोजन के लिए आए थे, उसे याद कर आज मुख्यमंत्री जी ने हमें भोजन के लिए बुलाकर छत्तीसगढ़ की परम्परा का निर्वाह किया और हमे सम्मान दिया।

कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव और पारसनाथ राजवाड़े, विधायक रामपुकार सिंह, खेलसाय सिंह, डॉ. विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, विनय भगत भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# कृष्ण कुंज: अब तक 169 नगरीय निकायों के 224 एकड़ रकबा में 55 हजार से अधिक पौधे रोपित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज का विकास कर रही है।मात्र में एक वर्ष में ही इन कृष्ण कुंजो ने हरे-भरे वृक्षों के रूप में अपना आकार लेना शुरू कर दिया है। योजना के तहत प्रदेश में अब-तक 169 नगरीय निकायों में लगभग 224 एकड़ रकबा में 55 हजार 781 पौधों का रोपण किया गया हैं।**




उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित कृष्ण कुंज में स्वयं वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज की महत्वाकांक्षी योजना की पूरे प्रदेश में शुरूआत की थी। इसी दिन प्रदेश के नगरीय निकायों में बनाए गए कृष्ण कुंज में जनभागीदारी से वृक्षारोपण किया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण से जन-जन को जोड़ना और सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के वृक्षों के रोपण करने का कार्य किया जा रहा है। जहां पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाले और भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले चंदन, रूद्राक्ष, बरगद, पीपल, कदम्ब जैसे वृक्षों का रोपण शामिल है। कृष्ण कुंज में आम, ईमली, बेर, गंगा ईमली, जामुन, शहतुत, तेंदू, चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, पलाश, बेल, आंवला जैसे फलदार वृक्ष भी लगाएं जा रहे हैं।

# सामुदायिक बाड़ी विकसित कर कमाए 11 हजार 500 रुपये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** जिला नारायणपुर अंतर्गत 38 ग्रामों में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा गौठान में सामुदायिक बाड़ी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके अतंर्गत नारायणपुर विकासखंड के ग्राम कोचवाही गौठान की मां भवानी स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं ने कामयाबी की उड़ान भरी है। शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना से उनके जीवन में व्यापक परिवर्तन आये हैं और वे आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है। समूह की महिलाओं द्वारा मल्चिंग विधि से पपीता, भिंडी, बैगन, करेला एवं अन्य उद्यानिकी फसल की खेती की जा रही है और ड्रिप संयंत्र से सिंचाई की जा रही है। उद्यानिकी फसलों के आधुनिक विधि का उपयोग करने का फायदा यह हुआ कि सब्जी के उत्पादन वृद्धि हुई है। मां भवानी स्व सहायता समूह की परिश्रमी महिलांए गौठान में जुडने के बाद साग-सब्जी का उत्पादन कर उनके आर्थिक स्थिति में काफी ज्यादा सुधार आया है। इसके साथ ही साथ घर के चार दिवारी में जहां अपनी बातों को स्पष्ट रूप रख नहीं पाते थे, आज ग्रामीण स्तर पर शासन की हर भावी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनके प्रति कार्य करने एंव अपनी बातों को ग्रामीणजन और समुदाय के बीच में स्पष्ट रूप से रख पाने में सक्षम हो पाए हैं।

# समूह की महिलाएं ककुन से निकाल रही रेशम धागा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए शुरू की गई रीपा यानी कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से महिलाओं को अच्छा अवसर मिल रहा है। उन्हें यहां कई तरीके की आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। सूरजपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में विकासखण्ड सूरजपुर अंतर्गत रीपा गौठान बसदेई में टसर (ककुन) से धागाकरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**



महिलाएं सफल उद्यमी बनने की राह पर अग्रसर हो रही हैं। वहां रेशम धागाकरण समिति की महिलाओं ने कोकून से रेशम धागा तैयार करने का काम शुरू किया है।यह महिलाएं घर का काम-काज निपटा कर रीपा आती हैं और धागा बनाने के काम में जुट जाती हैं। चाका बोडा कोरबा की प्रशिक्षक श्रीमती फूलबाई प्रधान पिछले 15 दिवस से बसदेई की भारती स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही है। भारती स्व-सहायता समूह में छाया वस्त्रकार, श्रीमती फुलेश्वरी सिंह, श्रीमती सरिता राजवाड़े, श्रीमती मालती राजवाड़े, श्रीमती मानमती, श्रीमती पिना राजवाड़े, श्रीमती लक्ष्मनिया राजवाड़े, श्रीमती प्यारो राजवाड़े, श्रीमती शान्ति बाई, श्रीमती चमेली राजवाड़े, श्रीमती नीराबाई, श्रीमती सुन्दरी, श्रीमती हेत कुंवर, मान कुमारी है।

जिला प्रशासन एवं रेशम विभाग द्वारा समूह तैयार कर 50 बुनियाद धागाकरण मशीनें प्रदाय की गई है। धागाकरण प्रशिक्षण अंतर्गत महिला समूह को ककुन छटनी से ले कर उबालने एवं उच्चतम कोटी के धागे निकालने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इस प्रक्रिया में सर्वप्रथम अच्छे ग्रेड के ककुन को छांटा जाता है, उसके उपरांत सोडे की सहायता से भांप के माध्यम से 20 से 25 मिनट तक उबाला जाता है। उसके बाद महिलाएं आवश्यकतानुसार कोसा लेकर मशीन की सहायता से धागा निकालती हैं। एक किलो धागा निकालने हेतु 1000 नग अ-ग्रेड के कोसे की आवश्यकता होती है, जिसकी कीमत 1950 से 2500 तक होती है, एक दिन में 150 से 200 ग्राम धागा एक हितग्राही निकाल सकता है। इससे प्रति दिवस 250 से 300 रूपए एवं कम से कम पांच हजार रूपए महीने में आय प्राप्त किया जा सकता है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























चिलचिलाती गर्मियों में सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावॉयलट किरणें त्वचा और बालों को काफी नुकसान पहुंचा सकती हैं। इनसे बचने के लिए सावधानी जरूरी है।

मेकअप विशेषज्ञ श्रेया ने इसके लिए कुछ उपाय बताए हैं -

# गर्मियों में त्वचा और बालों को बचाएं धूप से

- गर्मियों के महीनों में अपनी त्वचा में नमी बनाए रखने के लिए उसे नमी और पोषण देना जरूरी है। इसके लिए अपने पास एक स्प्रे रखें, खासतौर पर जब आप बाहर निकलें। एसेंस स्प्रे आपकी त्वचा के पीएच को संतुलित रखने में मदद करेगा और साथ ही यह त्वचा में नमी के स्तर को बनाए रखकर त्वचा को नर्म और मुलायम बनाएगा।
- गर्मियों में मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन बढ़ा दें। संतरा, तरबूज, ,खरबूजा, अनानास, टमाटर, ब्रोकली, सलाद के पत्ते और पालक बीटा कैरोटीन के अच्छा स्रोत हैं। ये आपकी त्वचा की जरूरत को पूरा करते हैं।
- गर्मियों के दौरान क्लींजिंग मिल्क का इस्तेमाल करने की जगह अपनी त्वचा के अनुरूप सौम्य फेसवॉश का प्रयोग करें। दिन में दो से चार बार एल्फा हाइड्रोक्सी एसिड युक्त फेसवॉश का प्रयोग बेहद लाभदायक है।
- सोने से पहले त्वचा पर तेल रहित मॉयस्चराइजर लगाएं। इससे त्वचा की खोई चमक लौट आएगी।
- बाजार में कई प्रकार के सनस्क्रीन उपलब्ध हैं। एसपीएफ 25 या इससे अधिक वाले सनस्क्रीन का चुनाव करें। घर से बाहर निकलने से 30 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं।
- चेहरे से अतिरिक्त तेल और मुहांसों के निशान दूर करने के लिए मुल्तानी मिट्टी और सैलिसाइक्लिक एसिड युक्त फेसवॉश लगाएं। इनसे आपको मुहांसों से छुटकारा मिलेगा और त्वचा को प्राकृतिक निखार मिलेगा।
- अत्यधिक पसीने से बाल चिपचिपे और बेजान हो जाते हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए गर्मियों में अपने बालों को सौम्य शैंपू से धोएं, लेकिन सिर की त्वचा को रगड़ें नहीं क्योंकि ऐसा करने से सिर की त्वचा से तेल निकलता है।
- बालों को रेशमी, मुलायम बनाए रखने के लिए शैंपू के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करें, लेकिन गर्मियों में बालों पर गाढ़े तेल न लगाएं।
- डैंड्रफ भी बालों के लिए एक बड़ी समस्या है। इससे बाल टूटते हैं। इस समस्या से बचने के लिए अपने बालों को सप्ताह में एक बार जिंक पायरिथोन और केटोकोनजोल युक्त मेडिकेटिड शैंपू से धोएं। डैंड्रफ दूर करने के लिए नींबू और मेथी जैसे घरेलू उपाय भी बेहद कारगर हैं।
- अपनी त्वचा और बालों को पोषण देने के लिए पानी, फलों का रस, ठंडा दूध और नारियल पानी भरपूर मात्रा में पीएं। तरल पदार्थ शरीर की मृत कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने में मदद करते हैं और निर्जलीकरण और हीट स्ट्रोक से बचाते हैं। इसलिए खुद को ताजे पेय पदार्थों से तरोताजा रखें, लेकिन अत्यधिक चाय, कॉफी या अन्य गर्म पेय पदार्थों से बचें।

## ऐसे कर सकते हैं अपने

# होंठों का कालापन दूर

**होंठों के कालेपन को दूर करने के लिए चीनी और शहद का टैन पैक या कुछ ग्लास पानी बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह कहना है एक विशेषज्ञ का।**

**'दिल्ली स्किन सेंटर' की निदेशक कॉस्मेटिक त्वचा विशेषज्ञ और सौंदर्य विशेषज्ञ डॉ. मेघना गुप्ता ने होंठों का कालापन दूर करने के लिए कुछ आसान टिप्स दिए हैं।**

### लिप बाम :

ऐसी लिप बाम और लिपस्टिक्स का प्रयोग करें, जिनमें एसपीएफ 20 हो।

### एक्सफोलिएट :

चीनी और शहद का टैन पैक होंठों पर जमी मृत त्वचा को हटाने के लिए बेहद कारगर है। साथ ही बादाम के तेल से होठों की नमी बनाए रखी जा सकती है।

### भरपूर पानी :

पानी की कमी के कारण भी होठ काले हो सकते हैं। इसलिए हर रोज कम से कम आठ ग्लास पानी जरूर पीएं।

### नींबू, आलू और चुकंदर :

हर रात अपने होंठों पर नींबू, आलू और चुकंदर का रस लगाएं। सुबह इसे धो लें। इस उपाय से होंठों का कालापन दूर होगा और उनमें गुलाबी निखार आएगा।



# गर्मियों में बीमारियों से बचने के लिए अपनाएं ये उपाय

**हीट एग्जाशन गर्मी की एक साधारण बीमारी है जिसके दौरान शरीर का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है। चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना, कमजोरी, सिर दर्द और बैचेनी इसके मुख्य लक्षण हैं। इसका इलाज तुरंत ठंडक देना और पानी पीकर पानी की कमी दूर करना है। अगर हीट एग्जॉशन का इलाज तुरंत न किया जाए तो हीट-स्ट्रोक हो सकता है, जो कि जानलेवा भी साबित हो सकता है।**

हीट-स्ट्रोक में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है, जो कि अंदरुनी अंगों की कार्यप्रणाली को नष्ट कर सकता है। हीट-स्ट्रोक के मरीजों को शरीर का तापमान बहुत ज्यादा होता है, त्वचा सूखी और गर्म होती है, शरीर में पानी की कमी, कन्फयूजन, तेज या कमजोर नब्ज, छोटी-धीमी सांस, बेहोशी तक आ जाने की नौबत आ जाती है। हीट-स्ट्रोक से बचने के लिए दिन के सबसे ज्यादा गर्मी वाले समय में घर से बाहर मत निकलें। अत्यधिक मात्रा में पानी और जूस पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। ढीले-ढाले और हल्के रंग के कपड़े पहने।

फूड पॉयजनिंग गर्मियों में आम तौर पर हो जाती है। गर्मियों में अगर खाना साफ-सुथरे माहौल में न बनाया जाए तो उसके दूषित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही पीने का पानी भी दूषित हो सकता है। अत्यधिक तापमान की वजह से खाने में बैक्टीरीया बहुत तेजी से पनपते हैं, जिससे फूड पॉयजनिंग हो जाती है। सड़क किनारे बिकने वाले खाने-पीने के सामान भी फूड पॉयजनिंग के कारण बन सकते हैं। फूड पॉयजनिंग से बचने के लिए बाहर जाते वक्त हमेशा अपना पीने का पानी घर से ले के चलें।

बाहर खुले में बिक रहे कटे हुए फल खाने से परहेज करें। गर्मी में शरीर में पानी की कमी से बचने के और शरीर में पानी की मात्रा को पर्याप्त बनाए रखने के लिए अत्यधिक मात्रा में तरल पदार्थ पिएं। खास तौर खेल-कूद की गतिविधियों के दौरान इस बात का ध्यान रखें। प्यास लगने का इंतजार न करें। हमेशा घर में बना हुआ नींबू पानी और ओआरएस का घोल आस-पास ही रखें। एल्कोहल और कैफीन युक्त पेय पदार्थों का परहेज करें, इनके सेवन से भी शरीर में पानी की कमी होती है।

तेज अल्ट्रा वायलेट किरणों और धूप से बचने के लिए धूप के चश्मे और हैट का प्रयोग करना भी काफी लाभप्रद साबित हो सकता है।

**सर्दियों की तरह गर्मियां भी मौसमी बीमारियों के साथ आती हैं। गर्मी में होने वाली गर्मी से थकावट, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉयजनिंग आम बीमारियां हैं। अगर हम कुछ सावधानियां बरतें तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है।**





# आंखों की रौशनी बढ़ाने के लिये घरेलू नुस्खा

चाहे मायोपिया (निकट दृष्टि दोष हो) या हायपरोपिया (दूर दृष्टि दोष) हो, आँखें कमजोर होने से कई तरह की समस्याएँ पैदा होती हैं। यदि आपकी आई साइट कमजोर है और आप नियमित रूप से चश्मा नहीं पहनते तो आपको सिरदर्द, आँखों में सूखापन, धुंधला दिखना, आँखों से पानी आना आदि समस्याएँ हो सकती हैं।

कई तरह के ऑपरेशन्स में दावा किया जाता है कि इनसे साफ दिखने लग जाता है और चश्मे से भी निजात मिल जाती है। लेकिन फिर भी इनके कई तरह के साइड इफैक्ट हैं, ये भी 100 प्रतिशत सफल नहीं हैं। यदि आप इस तरह के ऑपरेशन्स करवाने में विश्वास नहीं करते हैं तो आप ये घरेलू औषधियाँ इस्तेमाल कर सकते हैं जिनसे कुछ दिनों में ही आपकी आँखें ठीक हो सकती हैं।

इस जूस को बनाने का तरीका आवश्यक सामग्री एलोवेरा का जूस- 2 टेबलस्पून शहद- 2 टेबलस्पून नींबू का जूस- 2 टी स्पून टुकड़े किए हुये अखरोट- 2 टेबल स्पून, बनाने का तरीका- जूस को बनाने के लिए सामग्री को ब्लेंडर में डालकर मिक्स कर लें। इसे एक गिलास में डाल लें। आपका हैल्थ ड्रिंक तैयार है। इस मिश्रण को खाने से 30 मिनट पहले पिये, दिन में तीन बार इसे पीने से आपकी आई साइट जल्दी ठीक होती है। एलोवेरा, नीबू का रस, अखरोट और शहद से ओप्टिक नर्व्ज़ को काफी हद तक पोषण मिलता है। यह ओप्टिक सिस्टम को आवश्यक पोषण प्रदान करता है जिससे आई साइट ठीक होती है। इसके अतिरिक्त, इससे ओप्टिक सिस्टम में स्वस्थ कोशिकाओं का निर्माण होता है जिससे आई साइट सुधरती है। इस प्राकृतिक जूस से आंखे हाइड्रेटिड रहती हैं जिससे आँखों में खुजली नहीं होती और ड्राइनेस नहीं रहती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### ग्राम अमेठी में लोक आस्था सेवा संस्थान खुला मंच का आयोजन किया

**गरियाबंद।** परियोजना भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन 1098 लोक आस्था सेवा संस्थान गरियाबंद के तत्वधान डॉयरेक्टर लता नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम अमेठी में खुला मंच का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं गुलाल से स्वागत किया गया।तत्पश्चात परियोजना समन्वयक तुलेश्वर साहू ने खुला मंच कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया कि बच्चो की समस्याओं का निराकरण हेतु विभागों में समस्याओं को रूबरू करवाना व खुला मंच के माध्यम से बच्चो के विचारों को एक मंच प्रदान करना है।चाइल्ड लाइन बच्चो की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए काम करता है बच्चो से संबंधित समस्या की जानकारी होने पर 1098 काल कर सूचना दे सकते है।गांव के प्रमुख उमा राम ध्रुव ने कहा की आज बच्चे नशापान की ओर अग्रसर एवं मोबाइल का आदि हो रहे जिसे हमे मिलकर सही दिशा में लाना होगा और बच्चो को नैतिक शिक्षा के साथ अच्छा माहौल देना होगा।ग्राम पंचायत पोटिया के सरपंच विनोद ध्रुव ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम सभी गांव में होना चाहिए जिससे जायद से ज्यादा लोग जागरूक हो सके।कार्यक्रम के बीच बीच में बच्चो के द्वारा मनमोहक सास्कृतिक प्रस्तुत किया, प्रतिभागी बच्चो को सरपंच एवं चाइल्ड लाईन के द्वारा पुरुस्कार दिया गया।उक्त कार्यक्रम में ग्राम पटेल कुंवर सिंह ध्रुव,चाइल्ड लाइन से निशा,नंद कुमार , धनीराम,नंदनी,उर्वशी,खेम पटेल उपस्थित थे ।

### मुख्यमंत्री ने शारदापीठ और ज्योतिषपीठ के जगदगुरु शंकराचार्यों का अपने निवास में किया आत्मीय स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास में पधारे शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज और ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का सपरिवार विधि विधान से पादुका पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े व चन्द्रदेव राय, विधायक खेल साय सिंह, रामपुकार सिंह, विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, विनय भगत, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय प्रदीप शर्मा व विनोद वर्मा उपस्थित रहे।

### छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ का गठन किया गया

**कांकेर।** वनविभाग रेस्ट हाउस मटोली में परोलकोट क्षेत्र के पत्रकार द्वारा एक बैठक किया गया, इस बैठक में श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आसिफइकबाल, महासचिव बीडी निजामी, प्रदेश उपाध्यक्ष के शशिधरन, दीपक वर्मा, शंकर यादव, अंतागढ़ से वरिष्ट पत्रकार राजेश कुमार यादव, कांकेर से मिलाप सिंह ठाकुर, को सर्वप्रथम परोलकोट क्षेत्र के कापसी, बांदे, पखांजुर के पत्रकार द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया, तत्पश्चात सभी साथी के उपस्थिति में एक बैठक किया गया है। इस बैठक में सर्वसम्मति से छ.ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ इकाई पखांजूर में गठन किया गया एवं छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने इकाई पखांजूर का घोषणा किया गया। पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया एवं संघ का अर्थ संघ में के द्वारा जनहित मे किस प्रकार कार्य करना है, विभिन्न बिंदु पर चर्चा किया गया साथ ही अंत मे पखांजूर ब्लॉक इकाई का घोषणा किया जो निम्न प्रकार है, संरक्षक गोपाल ब्रह्मचारी, तापस बोस, मोहन मंडल, अध्यक्ष मिथुन मंडल, उपाध्यक्ष नीलकमल मंडल, विजय मजूमदार, सचिव दीपंकर समद्दार, सहसचिव प्रसेनजित सरकार, कोषाध्यक्ष पल्लव मंडल, मनोज राय, मीडिया प्रभारी मिंटू सिकदार, अंकित बाला, सदस्य गण श्रीदाम ढाली, विकास तरफ्दार, शंकर सरकार, सूजन कविराज, अजय बड़ई, सुभ पाइक को चुना गया।

### पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक

**सूरजपुर।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किये जाने वाले पद्म पुरस्कार हेतु वर्ष 2024 के लिये भी पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहा है। वर्ष 2024 में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार प्रदान करने हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदंड अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव 15 सितंबर 2023 तक ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किया गया है।

#### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने न्यूजीलैंड में ऑकलैंड विश्वविद्यालय का भ्रमण कर विशेषज्ञों से की चर्चा

## तंबाकू उत्पादों पर नियंत्रण की दिशा में कुशल रणनीतियों को विकसित करने की नीतियों पर अनुभव साझा किए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अध्ययन दौरे पर गई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज न्यूजीलैंड के ऑकलैंड विश्वविद्यालय (यूओए) का भ्रमण कर विशेषज्ञों से चर्चा की। टीम ने वहां स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के परिमाणों व गुणवत्ता प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान तथा व्यवहार विज्ञान के साथ तंबाकू मुक्त जीवनशैली के संबंध में जानकारियों का आदान-प्रदान किया।**




बहुसंख्यक आबादी तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के लिए नवीन तकनीकों की खोज व अस्पताल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर लोक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संसाधनों और कुशल रणनीतियों को विकसित करने की नीति पर भी दोनों देशों के अधिकारियों ने अनुभव साझा किए। ऑकलैंड विश्वविद्यालय सार्वजनिक शोध विश्वविद्यालय है और न्यूजीलैंड के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक है। अकादमिक प्रतिष्ठा से संबंधित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में यह दुनिया के 100 शीर्ष विश्वविद्यालयों में शामिल है। तंबाकू नियंत्रण से संबंधित नीतियों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने पर हुई चर्चा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आकलैंड विश्वविद्यालय में प्रदेश को तंबाकू मुक्त बनाने में आ रही चुनौतियों तथा तंबाकू उत्पादों के नियंत्रण की दिशा में उठाए गए विभिन्न सामजिक पहलुओं पर विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. ने तंबाकू नियंत्रण से संबंधित नीतियों व कार्यक्रमों को भविष्य में और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने एवं इसके सेवन से लगातार बढ़ रहे रोगियों की संख्या से अर्थव्यवस्था पर पड़ते बोझ पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने वहां किए गए शोध के आधार पर बताया कि तंबाकू उत्पादों से अर्जित आय से अधिक खर्च इससे होने वाली बीमारियों में हो रहा है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड सरकार ने तंबाकू पर रोक के लिए बहुत ठोस नीति बनाई है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने वहां स्मोक-फ्री जनरेशन की दिशा में उठाए गए क़दमों की जानकारी दी। तंबाकू और धूम्रपान पर नियंत्रण के लिए वहां सामुदायिक स्तर पर बिहेवियर चेंज कम्युनिकेशन पर बल दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि न्यूजीलैंड में किस तरह से तंबाकू के विक्रय को नियंत्रित करने के साथ ही इससे जुड़े उत्पादों में निकोटीन की मात्रा घटाई गई। धूम्रपान मुक्त पीढ़ी तैयार करने के लिए वहां 2009 या उसके बाद जन्मे किसी भी व्यक्ति के लिए तंबाकू उत्पाद के उपयोग/उपभोग/विक्रय को अवैध करार दिया गया है। उन्होंने तंबाकू उत्पादों के लिए लाइसेंस पद्धति और अल्टरनेट कल्टीवेशन पर काम करने की आवश्कता पर बल दिया। ऑकलैंड विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने वर्ष 2025 तक न्यूजीलैंड के स्मोक-फ्री जनरेशन हो जाने की बात कही। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, ऑकलैंड विश्वविद्यालय के प्रो. क्रिस बुलेन, सह-प्राध्यापक प्रो. नताली वॉकर, डॉ. रोड्रिगो और डॉ. वर्तिका शर्मा भी चर्चा के दौरान मौजूद थीं।

स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने 31 मई को तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कहा कि तंबाकू से न केवल इसका सेवन करने वाला व्यक्ति बल्कि उसके आसपास रहने वाले लोग भी प्रभावित होते हैं। तंबाकू सेवन से सेहत पर होने वाले खतरनाक प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाने और छत्तीसगढ़ में तंबाकू सेवन को निम्नतम करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

ताकि प्रदेश को जल्द से जल्द तंबाकू मुक्त प्रदेश की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि समाज में तम्बाकू एवं धूम्रपान के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए तम्बाकू उत्पादों के हानिकारक प्रभाव से समाज को अवगत कराने की जरूरत है। तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक कर इसके उपयोग को बन्द करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

## गोधन न्याय योजना के माध्यम से अवारी वासियों के लिए मिला रोजगार के बेहतर अवसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद,। राज्य शासन की गोधन न्याय योजना कई दृष्टि से उपयोगी साबित होकर ग्रामीणों एवं पशुपालन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए कामधेनू साबित हो रहा है। यह योजना ग्रामीणों को गोबर की उचित मूल्य दिलाने के साथ-साथ इसके माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा इसकी बिक्री आदि से रोजगार की सृजन होने से ग्रामीणों के लिए रोजगार की वृहद अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।**

इस योजना के फ्लस्वरूप जिले के डौण्डी विकासखण्ड के अवारी गोठान में गोबर खरीदी के कार्य की बेहतर क्रियान्वयन होने से इस योजना से अवारी में रोजगार के सुगम एवं बेहतर द्वार खुल गए हैं। गोधन न्याय योजना के कारण ग्राम अवारी में खुले रोजगार की बेहतर अवसर के संबंध में जानकारी देते हुए गोठान प्रबंधन समिति अवारी के अध्यक्ष श्री हीरामन ठाकुर ने बताया कि हमारा गांव मूलतः कृषि प्रधान गांव है।

ग्रामवासी अपने पैतृक जमीन में खेती किसानी के अलावा मेहनत मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। गोधन न्याय योजना के शुरू होने के पूर्व गांव में रोजगार के उचित साधन के अभाव में हमारे गांव के युवाओं को मजदूरी हेतु आसपास के अन्य गांवों में जाना पड़ता था। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने के तुरंत पश्चात् हमारे ग्रामवासियों ने गोबर इकट्ठा कर गोठान में इसकी बिक्री शुरू कर दी थी। जिससे समय पर पशुपालकों और कृषकों को गोबर बिक्री की राशि मिलने से अच्छी खासी आमदनी हो रही है और हम ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। इसके अलावा इस योजना के शुरू होने के बाद गांव के युवकों को रोजगार की तलाश में गांव से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। प्रतिदिन गोबर इकट्ठा कर बेचने के अलावा स्वसहायता समूह की महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण कार्य में भी अच्छी खासी आमदनी हो रही है। श्री हीरामन ठाकुर ने बताया कि ग्राम अवारी के गोठान समिति के वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से 68 हजार 573 रुपये एवं महिला स्वसहायता समूह को 03 लाख 86 हजार 612 रुपये की आमदनी हुई है। इस तरह से राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीणों एवं पशुपालकों के लिए बहु उपयोगी साबित होकर स्वरोजगार के स्थायी द्वार खोल दिया है। यह योजना वास्तव में ग्रामीणों को मुश्किल वक्त में आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें संबल प्रदान करने का कार्य कर रहा है।

## कलेक्टर जनचौपाल में सुनी गई आम नागरिकों की समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के मार्गदर्शन में नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के नागरिकों से उनकी समस्याएं सुनी। श्री चतुर्वेदी ने जन चौपाल में पहुंचे आमजनों से उनकी समस्यों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए एवं नियमानुसार त्वरित निराकरण के लिए आधिकारियों को निर्देशित किया। जन चौपाल में आज लगभग 60 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर श्री जयंत नहाटा, अपर कलेक्टर बी.सी. साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।**

जन चौपाल में आज ग्राम धरमपुरा निवासी महेश साहू ने उच्च शिक्षा के लिए अनुदान राशि हेतु, उरकुरा निवासी मलीन कुमार डे ने निशक्तजन पेंशन राशि का लाभ दिलाने, ग्राम निमोरा निवासी नेतराम ने अपने पैतृक भूमि के नक्शे में त्रुटि सुधार कराने, आरंग निवासी सरिता तिवारी ने पेंशन प्रदान करने, जनपद पंचायत तिल्दा की सभापति तोषी सुनील मनहरे ने ग्राम पाथराकुंडी के प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराने और शाला में समतलीकरण का कार्य कराने आवेदन दिया।

इसी प्रकार माना निवासी बसंत कुमार शर्मा ने अपने मकान से अवैध कब्जा हटाकर आधिपत्य दिलाने, ग्राम बेंद्री के महेंद्र सिंह ठाकुर ने गांव की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने, ग्राम खोरसी निवासी भानसिंग साहु, भगतु राम, देवकी यादव और शहीद चूडामणि नायक वार्ड-38 के निवासियों, ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने चरौदा से दोंदेकला मार्ग पर वृक्षारोपण कराने, ग्राम अकोली के शा.पूर्व मा. शाला में प्रधानपाठक कक्ष एवं शौचालय का निर्माण कराने आवेदन दिया।

इसी तरह अन्य आवेदकों ने जनचौपाल में राजस्व प्रकरणों के निराकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पट्टा, नक्शा-खसरा, आदि से संबंधित आवेदन दिया। चतुर्वेदी ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ आम लोगों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकारों का बिखरेगा रंग

#### कंबोडिया और इंडोनेशिया के दल भी देंगे प्रस्तुति, हर दिन हनुमान चालीसा का होगा सामूहिक पाठ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का शुभारंभ एक जून को होगा। इस दिन की शुरुआत हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से होगी। इस मौके पर विदेशी एवं अंतरराज्यीय कलाकारों द्वारा मार्च पास्ट भी किया जाएगा। पहले दिन इंडियन आइडल की राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार शण्मुख प्रिया तथा राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार शरद शर्मा द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।**




दूसरे दिन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा हंसराज रघुवंशी तथा लखबीर सिंह लक्खा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। तीसरे दिन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार कुमार विश्वास द्वारा अपने अपने राम म्यूजिक नाइट की प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मैथिली ठाकुर भी भजन संध्या की प्रस्तुति करेंगी।

पहले दिन होगा यह- समारोह दोपहर तीन बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा औपचारिक आरंभ के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात आमंत्रित विदेशी एवं अंतरराज्यीय कलाकारों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। इसके बाद कंबोडिया के दल की प्रस्तुति होगी। उत्तराखंड, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ की रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकांड पर आधारित अंतरराज्यीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात शण्मुख प्रिया तथा शरद शर्मा भजनसंध्या की प्रस्तुति देंगे।

दूसरे दिन होगा यह- दूसरे दिन समारोह का आरंभ दोपहर 2 बजे से होगा। दूसरे दिन भी हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। इसके पश्चात अंतरराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकांड पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, असम, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, गोवा और छत्तीसगढ़ की टीम हिस्सा लेगी। इसके पश्चात बाबा हंसराज रघुवंशी और लखबीर सिंह लक्खा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे।

तीसरे दिन समापन समारोह पर होगा यह- तीसरे दिन समारोह दोपहर 2 बजे से आरंभ होगा। अंतरराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्य कांड पर आधारित प्रतियोगिता होगी। इसमें केरला, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की टीम हिस्सा लेगी। इसके पश्चात कंबोडिया के दल की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात केलो महाआरती तथा दीपदान का कार्यक्रम होगा। यह दीये स्व-सहायता समूहों द्वारा गोबर से निर्मित किये गये हैं। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा।

## मल्टीनेशनल कंपनियों को टक्कर दे रहा गौठानों में निर्मित पेंट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप गौठानों में गोबर से विभिन्न उत्पाद बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्राकृतिक पेंट एवं पुट्टी निर्माण की इकाईयां तेजी से स्थापित की जा रही हैं। जिससे आत्मनिर्भर गांव की कल्पना साकार हो रही हैं साथ ही गौठानों से गांव के लोगों को रोजगार के साथ ही उनकी तरक्की के लिए नए-नए अवसरों का निर्माण हो रहा है। जिले के जरवाय गौठान में डिस्टेंपर, इमल्शन पेंट के साथ ही पुट्टी का भी निर्माण हो रहा है।**




बाजार में उपलब्ध रासायनिक पेंट लोगों के जेब के साथ साथ पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी असर डालती है। गोबर पेंट की उपयोगिता और गुणवत्ता को जन जन तक पहुंचने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी शासकीय विभाग, निगम, मंडल एवं स्थानीय निकायों में भवनों के रंग रोगन के लिए गोबर पेंट का उपयोग अनिवार्यतः करने के निर्देश दिए है। उनके निर्देश का पालन करते हुए रायपुर नगर निगम भवनों की पुताई भी प्राकृतिक पेंट से की गई है। इस पेंट की खास बात यह है की इसकी कीमत बाजार में उपलब्ध रासायनिक पेंट से कम है साथ ही गोबर से निर्मित होने के कारण रासायनिक पेंट की तुलना में इसमें महक भी नहीं की आती जिससे यह पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है।

यह पेंट भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय प्रशिक्षण शाला के द्वारा प्रमाणित भी किया गया है। साथ ही यह एन्टी बैक्टीरिया, एंटीफंगल, इको-फ्रेंडली, नॉन टॉक्सिक है। इस पेंट में हैवी मेटल्स का उपयोग नहीं किया गया है साथ ही गोबर से निर्मित होने की वजह से यह नेचुरल थर्मल इन्सुलेटर की तरह कार्य करता है। यह पेंट पर्यावरण के अनुकूल है साथ ही इसकी कीमत बाजार में उपलब्ध प्रीमियम क्वालिटी के पेंट की तुलना में 30 से 40 फीसदी कम है। यह बड़ी मल्टीनेशनल कम्पनियों के पेंट की तरह लगभग 4 हजार रंगों में भी उपलब्ध है।

रायपुर के जरवार गौठान में गोवर्धन स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से प्राकृतिक पेंट बना रही हैं। यहां के गोबर से बने पेंट का उपयोग सबसे पहले रायपुर नगर निगम के भवन की पुताई के लिए किया गया था। सरकारी भवनों के अलावा आम लोगों के द्वारा भी यह पेंट पसंद किया जा रहा है। रायपुर के अलावा 0अन्य जिलों में भी स्थानीय लोगों ने इस पेंट का उपयोग किया है वहीं राजधानी में भी बहुत से लोग इस पेंट से अपने घरों की पुताई कर चुके है। जरवाय गौठान की स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी रात्रे बताती है की उनके समूह में 22 महिलाएं काम करती है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

YF Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### पुलिस की रेकी करने पहुंचे तीन नक्सली गिरफ्तार, आगजनी और मारपीट की घटना में थे शामिल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सली मोर्चे पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस पार्टी की रेकी करते हुए तीन नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से कुल्हाड़ी, विस्फोटक पदार्थ व आइईडी विस्फोटक जब्त किया गया है।
सुकमा एडिशनल एसपी गौरव मंडल ने बताया कि कोटा में पुलिस की रेकी करने के लिए नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम पहुंची थी, जिन्हें डीआरजी के जवानों व जिला बल की संयुक्त टीम ने सुन्नमगुड़ा व मुरलीगुड़ा क्षेत्र से धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में मड़कम देवा जनमिलिशिया सदस्य, मड़कम हिड़मा डीएसकेएमएस सदस्य और सोयम जोगा आरपीसी सदस्य व आर्थिक कमेटी सदस्य के रूप में नक्सल संगठन में शामिल थे।
गिरफ्तार नक्सलियों पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली बीते दिनों मुरलीगुड़ा-बंडा के बीच चल रहे बिजली विभाग के नवीन सबस्टेशन पावर हाउस निर्माण कार्य के दौरान कार्य कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट व लूटपाट की घटना में शामिल थे। बीएसएनएल कर्मचारियों से मारपीट व वाहन में आगजनी की घटना में शामिल थे।

### फैक्ट्री में लगी आग की चपेट में आने से कर्मचारी की जिंदा जलकर हुई मौत, कंपनी के खिलाफ केस दर्ज

**रायपुर।** एक हफ्ते पहले उरला स्थित रायल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में आग लगने से भीतर काम कर रहे कर्मचारी विकास चंद्राकर की जिंदा जलकर मौत के मामले में सोमवार को उरला पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है।यह शिकायत वहीं के कर्मचारी चंपकेश्वर साहू ने पुलिस से की थी।इसने घटना को अपनी आंखों से देखा था। उरला पुलिस ने जांच में यह पाया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण की कोई व्यवस्था नहीं की थी और लापरवाही पूर्वक काम करवाया जा रहा था। जांच के बाद आग लगने की वजह भी सामने आ गई है। फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि 24 मई की रात 9.30 बजे फैक्टरी में आफिस में लगे ग्रिल को मजदूर हेमंत गायकवाड ग्लैंडर कटर मशीन से काट रहा था।इसी दौरान मशीन से निकलने वाली चिंगारी पास ही रखें पेंट और थिनर के डिब्बों में जा गिरी।

# गाय से दुष्कर्म की कोशिश करने वाला हसन खान गिरफ्तार, 24 घंटे के अंदर भेजा जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र के तहत हाउसिंग बोर्ड में सोमवार को गाय से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया। इसका एक वीडियो सामने आया जिसके बाद भाजयुमो व हिन्दुवादी संगठनों ने जमकर आक्रोश जताया। घटना के बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी हसन खान को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।**



बता दें हाउसिंग बोर्ड निवासी फिरोज खान के साथ किराए के मकान में रहने वाले हसन खान ने यह घिनौनी हरकत की थी। सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें हसन खान गाय के साथ दुष्कर्म का प्रयास करता दिखा। वीडिया सामने आने के बाद सोमवार को जामुल थाने में बड़ी संख्या में हिन्दूवादी संगठन पहुंचे और विरोध जताया। संगठनों ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने की बात कही और आरोपी हसन खान पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान विरोध करने पहुंचे लोगों ने जमकर बवाल किया। लोगों का कहना था कि क्षेत्र में लगातार इस प्रकार की घटनाएं बढ़ गई है। बाहर से आए लोग भिलाई का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

### दो थानों के बल ने संभाला मोर्चा

आरोपी हसन खान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजयुमो सहित तमाम हिन्दूवादी संगठनों ने थाने का घेराव किया। हंगामा बढ़ता देख छावनी थाने का बल भी जामुल थाने पहुंचा। इसके बाद आईपीएस प्रभात कुमार, छावनी थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय दल बल के साथ आरोपी की तलाश शुरू की। इस बीच पुलिस ने आरोपी के परिजनों को भी थाने में बिठाया। परिजन भी पुलिस को गुमराह करते रहे। इसके बाद पुलिस ने अपने सूचनातंत्र के बूते आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है आरोपी हसन खान भागने की फिराक में था लेकिन इससे पहले ही वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

छत्तीसगढ़ में रेप के बाद महिला की हत्या

# घर से 100 मीटर दूर नग्न अवस्था मिला महिला का शव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में शादी शुदा महिला की रेप के बाद हत्या कर दी गई। महिला का शव उसके घर से महज 100 मीटर की दूरी पर बिना कपड़ों के मिला है। महिला का निर्वस्त्र शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर परिजनों ने महिला के साथ बलात्कार के बाद हत्या की आशंका जताई है।

मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला दंतेवाड़ा के गीदम थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार हाउरनार ग्राम की रहने वाली 25 साल की महिला का शव मिला। महिला शाम को कुएं से पानी भरने के लिए गई थी। इसके बाद वह रात तक नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला। काफी तलाश के बाद घर से करीब 100 मीटर दूर महिला का शव मिला। शव नग्न अवसथा में था। बताया जा रहा है की महिला की तीन वर्ष पहले ही शादी हुई थी। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को द। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने सोमवार को पंचनामा कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# पोल से टकराने से बाइक सवार बीएसपी कर्मी की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में नेवई थाना इलाके में बाइक सवार बीएसपी कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वो अपने परिवार के साथ बाइक से देर रात घर लौट रहा था। अचानक रास्ते में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वो पोल से टकरा गया। गंभीर रूप से घायल होने से युवक को सेक्टर-9 अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-10 निवासी दिगंबर साहू (49 वर्ष) अपने परिवार के साथ बाइक से रविवार को रिसाली गए थे। देर रात वो वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वो पोल से टकरा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हालत नाजुक होने पर दिगंबर को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। वहां इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना के बाद से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### डिवाइडर से टकराने से नाबालिग की मौत

नेवई थाना क्षेत्र में ही एक दूसरी घटना में सेक्टर-6 निवासी अर्पण (16वर्ष) अपने दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक में नेवई डैम नहाने जा रहा था। रास्ते में डिवाइडर से बाइक टकरा गई। इस हादसे में अर्पण की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# दुबई से लौटते ही कोलकाता में पकड़ाया चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले के लोगों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाली चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर दुबई फरार हो गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। शनिवार को फरार डायरेक्टर दुबई से कोलकाता आया। पुलिस ने उसे एयरपोर्ट पर ही पकड़ लिया।

तोरवा पुलिस ने आरोपित को कोलकाता के न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से उसे जमानत पर छोड़ा गया है। आरोपित को 12 जून तक बिलासपुर के न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया है।

एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि रोज वैली कंपनी के डायरेक्टरों ने जिले के निवेशकों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर निवेश कराया। इसके बाद निवेशकों की रकम लौटाने से पहले ही कंपनी के दफ्तर में ताला लगाकर फरार हो गए। निवेशकों ने इसकी शिकायत तोरवा थाने में की। इस पर पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर फरार डायरेक्टरों की तलाश कर रही थी। जो कोलकाता में पकड़ाया।

# रायपुर में शराब घोटाला : प्रीमियम शॉप में ओवररेट स्टिकर लगाकर बेची गई बोतलें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की शराब दुकान से जुड़ा एक नए किस्म का घालमेल सामने आया है। राजधानी रायपुर की एक दुकान से शराब की बोतल खरीदने के बाद ग्राहक के होश उड़ गए, क्योंकि शराब की बोतल के बॉक्स पर छपे रेट के ऊपर कीमत बढ़ाकर अलग रेट का स्टिकर लगा था। ग्राहक से ऊपर लगे रेट के पैसे लिए गए। जब घर आकर ग्राहक ने स्टिकर हटाया तो नीचे शराब की असल कीमत काफी कम छपी हुई थी।




यह गड़बड़ी रायपुर के तात्यापारा स्थित प्रीमियम लिकर शॉप से जुड़ी है। ग्राहक ने यहीं से सोलन ब्रैंड नेम वाली शराब ली। इसके बॉक्स पर प्रिंट रेट के अलावा बढ़े हुए दाम की एक स्टिकर लगाई गई थी। आमतौर पर शराब के शौकीन जल्दबाजी में बारीक स्टिकर पर ध्यान नहीं दे पाते और इसका फायदा दुकानदार उठा रहे हैं।

शराब की बोतल पर असल रेट 750 लिखा था और स्टिकर 920 की थी। करीब 170 रुपए ग्राहक से अधिक ले लिए गए एक बोतल पर। दुकान पर ऐसी हजारों बोतलें बेची गई होंगी और सिर्फ एक दुकान से नहीं बल्कि प्रदेशभर की सैकड़ों दुकानों से ऐसी हजारों बोतल बेची गई होंगी और लोगों ने अधिक रुपए दे दिए।

# बालोद में अनियंत्रित होकर पलटी स्वीफ्ट, 1 की मौत और 3 घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सोमवार को बढ़ा हादसा हो गया। जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सहगांव के पास स्वीफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक की मौत हो गई और कार में सवार तीन अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया वहीं मृतक के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। डौंडीलोहरा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार डौंडी लोहारा से दल्ली राजहरा मार्ग पर ग्राम सहगांव मोड़ पर सोमवार दोपहर दो बजे मारुति स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। मारूति मे सवार लोग राजनांदगांव से दल्ली राजहरा की ओर जा रहे थे। कार अनियंत्रित होकर पहले सूचना बोर्ड से टकराई और पलटते हुए बांस के पेड़ से टकरा गई। हादसे में जगजीवन तिवारी की मौत हो गई है।

इसके अलावा कार चला रहे त्रिलोक जैन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इसके अलावा दो अन्य नैतिक जैन व अमन जैन भी घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल त्रिलोक जैन को डौंडीलोहारा अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद राजनांदगांव मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।



वहीं शेष घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हादसे के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# दुर्ग में बीबीएनएल के जीएम ने की खुदकुशी : ऑफिस में फांसी से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत ब्रॉड बैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) के जीएम सतीश कुमार साहू (52) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रविवार को घर से मीटिंग के नाम से निकले सतीश साहू का शव सोमवार सुबह उनके ही दफ्तर में रस्सी से लटका हुआ मिला। सुबह दफ्तर के अन्य कर्मचारी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उन्होंने आत्महत्या क्यों की इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।





मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। मोहन नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रिसाली निवासी सतीश कुमार साहू भारत ब्रॉड बैंड नेटवर्क लिमिटेड में जीएम के पद पर थे। वे रविवार को कॉफी हाउस में मीटिंग होने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वे नहीं लौटे। घर के लोगों ने काफी पतासाजी की लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। यहां तक कि थाने में भी उनकी गुमशुदगी की सूचना दी गई। इधर नेवई की पुलिस भी सतीश कुमार साहू की तलाश कर रही थी।

### सुबह ऑफस खुला तो फंदे पर लटकी थी लाश

सोमवार की सुबह जब ऑफिस खोला गया तो जीएम सतीश साहू का शव रस्सी से फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद कर्मचारियों और अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाया और पीएम के लिए भेजा। इसके बाद घर वालों को सूचना दी गई। घर वालों से पूछताछ के कुछ ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। जीएम के आत्महत्या का कारण अभी तक सामने नहीं आया है।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा**

**संक्षिप्त ई- निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-05**
**(द्वितीय बार)**

क्रमांक/1392/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2023-24     बेमेतरा, दिनांक 23.5.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 02.06.2023 तक ऑनलाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | शास. प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य. कुल 05 कार्य वि.ख. बेमेतरा | 131.99 |
| 2 | --//-- कुल 15 कार्य वि.ख. नवागढ़ | 286.57 |
| 3. | शास. प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कुल 01 कार्य वि.ख. बेरला | 22.00 |
| 4. | शास. माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कुल 01 कार्य वि.ख. साजा | 21.42 |

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर दिनांक 24.05.2023 से देखी/डाउनलोड की जा सकती है.

(दीपक कुमार मिश्रा)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग बेमेतरा

जी-01743/6

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

Email id : ee-res.durg@gov.in

**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक-19**

ज्ञा.क्रं 899/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24     दुर्ग, दिनांक 26.05.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शार्पपिट एवं डिप बारियल पिट निर्माण पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग | 0.57 |
| 2 | शार्पपिट एवं डिप बारियल पिट निर्माण गोकुल नगर कुरूद भिलाई | 0.57 |
| 3 | रजिस्टार आफिस के पास रोड एवं शौचालय निर्माण कार्य | 5.24 |
| 4 | सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण पाहरा का शेष कार्य | 6.34 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 26/05/2023 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 09/06/2023 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग ( छ.ग. )

जी-01763/3

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766



House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572



## खास - खबर

### कर्तव्य निष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण

**दुर्ग।** इस आपा धापी और अमानवीय वातावरण में आज भी मानवता संवेदना और कर्तव्य निष्ठा के मिसाल परिलक्षित होते हैं इन्हीं मिसाल में एक नाम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल है। जो 28 मई 2023 के रात्रि 2 बजे भिलाई के बीएम शाह हॉस्पिटल में भर्ती मरीज अजीत कुमार के मुंह से रक्त प्रवाह हो रहा था फलस्वरूप उसे रक्त की जरूरत पड़ी और उनका ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव निकला जो की रेयर ग्रुप होता है। मरीज के परिजन काफी जगह संपर्क किए अंत में वो परिजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक रात्रि दो बजे पहुंचे। जहा ब्लड बैंक के सीनियर टेक्नीशियन एमएलटी तरन्नुम तथा एमएलटी निगार परवीन के द्वारा नोडल डॉ. प्रवीण से संपर्क किया गया और डॉ. प्रवीण तुरंत उस मरीज के लिए रेयर ग्रुप ए निगेटिव उपलब्ध करवा कर उस रोगी की जान रक्षा में मददगार बन अपनी सक्रियता जागरूकता का परिचय दिए और अन्य लोगों के लिए प्रेरणा श्रोत बने। जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति और रेड क्रॉस मेंबर के सक्रिय सदस्य दिलीप ठाकुर, दुष्यंत देवांगन, प्रशांत डोंगावकर और राहुल शर्मा ने नोडल डॉ. प्रवीण अग्रवाल की उनके इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा किए।

### माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफके सहयोग से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। माहवारी स्वच्छता विषय पर जानकारी देने हेतु यूनिसेफसे डॉक्टर नेहा सिंह किशोर किशोरी सशक्तिकरण एवं बाल विवाह, बाल संरक्षण विशेषज्ञ (राज्य सलाहकार) एवं शशांक शर्मा जिला समन्वय किशोर किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम जिला दुर्ग की भूमिका रही है। कार्यक्रम में डॉ. नेहा सिंह के व्दारा किशोरावस्था और माहवारी यौवन के दौरान होने वाले भावनात्मक परिवर्तन लड़कियों में यौवनवस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तन, लड़को में यौवनवस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तन, माहवारी के समय पोषण प्रजनन प्रणाली, माहवारी के प्रति मिथक, माहवारी स्वच्छता महत्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, शोशक सामाग्री जैसे पैड, सूती कपडा, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन योजनाएं, माहवारी अपशिष्ट प्रबंधन, किशोरावस्था और लिंग विभाजन के आधार लिंग के विभाजन आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता से संबंधी खेल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनिसेफके सहयोग माहवारी स्वच्छता विषय पर एनिमेशन विडियों का निर्माण किया गया है। जिसको आगनबाड़ी केन्द्र के द्वारा सभी गर्भवती शिशुवती, किशोरियों को दिखाया जाऐगा। जिससे कि उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। माहवारी स्वच्छता एवं महिला समुदाय के सम्मान हेतु जिले में रेड डॉट चौलेंज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता भी इसमें भागीदारी ले रहे हैं।

### मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनान्तर्गत सीसी रोड स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2022-23 के अंतर्गत दुर्ग विकासखण्ड के ग्राम गनियारी में 2 लाख 60 हजार रूपए की सी.सी. रोड़ निर्माण (मेन रोड से अशोक घर तक) पार्ट ङ्क2 अधोसंरचना निर्माण कार्य की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी।

# मंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया विभिन्न गांवों का दौरा विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू सोमवार को दुर्ग जिले के दुर्ग विकासखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया जहां विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपुजन के कार्यक्रमों में शामिल हुए।



इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा भुनेश्वर यादव, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी जितेन्द्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़, कृषि सभापति योगिता चंद्राकर,प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन,जेल संदर्शक भरत साहू, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, सरपंच ग्राम मोहलई खेमीन निषाद, सरपंच कोटनी मनोज साहू , सरपंच पिपरछेड़ी बाल किशन ठाकुर, सरपंच महमरा , जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा सहित राजीव युवा मितान के सदस्य गण कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस मौके पर गृह मंत्री ने ग्रामीणों से समस्याएं पूछीं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के मामले में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत मॉनिटरिंग करते रहें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर यह देखना है कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन किस तरह हो रहा है और आपके गांव के विकास के लिए और क्या क्या किया जा सकता है।

ग्राम मोहलई में लगभग 30 लाख 20 हजार की राशि का लोकार्पण किया गया ।जिसमें सी सी रोड़ निर्माण 2.60, शीतला घाट में निर्मला घाट निर्माण,2.60,महिला घाट में सेट निर्माण 5 लाख, सीसी रोड़ निर्माण 5 लाख,बाल उद्यान निर्माण लोकार्पण,5 लाख सामुदायिक भवन सेन समाज 6लाख , आंगनबाड़ी संधारण कार्य 1.50 लाख, प्राथमिक शाला संधारण कार्य 2.50 लाख रूपये। इसी तरह ग्राम कोटनी में राम मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सामाजिक भवन का लगभग 10 लाख की राशि से भूमिपूजन किया गया। ग्राम पिपरछेड़ी में 19.96 लाख की राशि से बने चेक डेम का लोकार्पण साथ ही 6 लाख की लागत राशि से समुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। ग्राम महमरा में लगभग 50 लाख की राशि से लोकार्पण भूमिपुजन किया गया।

सुबह 10 बजे ग्राम बैलोदी,11 बजे ग्राम मालूद,12 बजे ग्राम नगपुरा ,शाम 4 बजे ग्राम बोरई ,5 बजे दमोदा,6 बजे खुर्शीडीह एवं रात 7 बजे ग्राम खुरसुल में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपुजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# चंदखुरी में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) स्थापित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग विकासखंड के ग्राम पंचायत चंदखुरी में रीपा के अंतर्गत 2 करोड़ की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया गया है। जिसमें 2 डोमशेड, शौचालय-2 (महिला/पुरुष), एप्रोच रोड, चारों ओर बाउंड्रीवाल, घेरा तथा मुख्य द्वार का निर्माण किया गया है। रीपा के अंदर एक प्रशासनिक क्षेत्र का निर्माण किया गया है।

जिसमें बैंकिंग सुविधा हेतु क्योस्क, इंटरनेट सुविधा हेतु वाईफाई कनेक्शन. राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी हेतु हेल्पडेस्क का निर्माण किया गया है एवं रीपा परिसर के मध्य में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। रीपा केंद्र में युवाओं द्वारा पैकेज्ड मिल्क, दही व खोवा उत्पादन किया जाता है। इसके उत्पादन हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक मशीने रीपा स्थल पर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र की मांग के अनुरूप निकट भविष्य में मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट में नए उत्पादों को भी स्थान दिया जाएगा।

इस यूनिट से आसपास के क्षेत्र के कुल 41 लोगों को रोज़गार का अवसर प्रदान किया जाएगा। उद्यम के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्राइवेट कंपनियों के साथ अनुबंध कर लोकल बाजारों में बिकी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही तैयार उत्पादों को शासकीय विभागों में भी सप्लाई किया जाएगा, ताकि उत्पाद की खपत सुनिश्चित कर कार्य कर रहे श्रमिकों को रोज़गार की गारंटी प्रदान कर उनके भविष्य को आर्थिक दृष्टिकोण से बेहतर और समृद्ध बनाया जा सके।

# बीबीए की मेरिट लिस्ट में सांई कॉलेज की छात्रा हितैषी खांडवे रही अव्वल, दीक्षांत समारोह में मिला गोल्ड मेडल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग द्वारा बीबीए की मेरिट लिस्ट - 2022 में सांई कॉलेज सेक्टर-6 भिलाई की हितैषी खांडवे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

सांई कॉलेज की अन्य दो छात्राओं आयुषी सिंह ने बीबीए की मेरिट लिस्ट में पांचवा और आरती पचोरी ने नौवां स्थान प्राप्त कर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई और कॉलेज को गौरान्वित किया।

छात्राओं ने इस हेतु श्रेय कड़ी मेहनत तथा कॉलेज के टीचर्स के योगदान को दिया। बीबीए के छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर कॉलेज के चेयरमैन जी.एस.सचदेव, डयरेक्टर हरमीत सचदेवा, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह एवं प्राचार्य डॉ. देषबंधु तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि सांई कॉलेज सेक्टर-6 भिलाई में बीबीए के अलावा बीसीए, पीजीडीसीए, डीसीए, बी.एस.सी. (बायोलॉजी, गणित, बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस), बी.कॉम. (प्लेन, कम्प्यूट एप्लीकेषन), बी.लिब., एम.एस. सी. (बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस, रसायन षास्त्र), एम.कॉम. आदि कोर्स संचालित हैं तथा इनमें प्रवेष प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकि है।

# तनाव से मुक्ति एवं एक नई उड़ान शिविर आज से

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन भिलाई द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुक्तिधाम स्कूल रामनगर में तनाव से मुक्ति हेतु 8 दिवसीय निशुल्क शिविर आज से प्रातः 6:30 से 8:00 तथा संध्या 7:00 से 8:30 बजे तक रहेगा। जिसमें से किसी भी एक समय में लाभ लिया जा सकता है।



तनाव से मुक्ति शिविर में मन में स्थिरता, असीम शांति, आपसी संबंधों में मधुरता, आत्मविश्वास एवं मनोबल में वृद्धि, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास आदि विषयों पर शिविर को बिलासपुर से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी जी तनाव से मुक्ति के टिप्स देंगी।

आप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थापित योग आयोग की प्रथम महिला सदस्य के रूप में मनोनीत हुई है। इस कार्यकाल में आपने पूरे राज्य में शारीरिक योग के साथ-साथ मन के सशक्तिकरण के लिए राजयोग की शिक्षा भी प्रदान की है। आपने राजयोग मेडिटेशन के साथ-साथ स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी (मुंगेर) महर्षि महेश योगी जी एवं स्वामी रामदेव जी (हरिद्वार) से भी योग प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपके जीवन में कला, संगीत, साहित्य, अध्यात्म का सुंदर समावेश है ,जो सभी को निरंतर प्रेरित करता है । आपके दिव्य सानिध्य में यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आप 9 वर्ष की आयु में ही ईश्वरी ज्ञान के संपर्क में आई तथा 16 वर्ष की आयु में अपना संपूर्ण जीवन विश्व कल्याण अर्थ समर्पित कर नैतिक मूल्यों द्वारा मानव सेवा के कार्य में निरंतर लगी हुई है। साथ ही साथ कक्षा छठवीं से 12वीं के बच्चों के लिए मूल्य युक्त शिक्षाओं एवं मनोरंजन से भरपूर ज्ञानवर्धक कार्यक्रम एक नई उड़ान भी रहेगा,जिसका समय सुबह 9:30 से 10:30 तक रहेगा।

# जनदर्शन में आवेदन में हुई त्वरित कार्यवाही जामुल निवासी बंशी लाल साहू को मिला श्रवण यंत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रतिसप्ताह सोमवार को आयोजित जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती पदमिनी भोई साहू ने नागरिकों की समस्या सुनी और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर जनदर्शन में जामुल निवासी श्री बंशी लाल साहू कान में कम सुनाई देने की परेशानी को लेकर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि उन्हें कई सालों से कान में कम सुनाई देने की दिक्कत आ रही थी, जिससे उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अपर कलेक्टर श्रीमती पदमिनी भोई साहू ने उनकी परेशानियों को सुनकर उसके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए श्री साहू को समाज कल्याण विभाग के द्वारा तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान किया। श्रवण यंत्र मिलने पर श्री साहू ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्राप्त आवेदनों में निकुम निवासी कृषक अपनी शिकायतों को लेकर जनदर्शन में पहुंचे। उन्होंने बताया कि खेत के पास लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क निर्माण किया गया है, तथा रोड के बीच में खेती के पानी की निकासी की व्यवस्था की गई है। लेकिन खेत में भरे पानी को निकालने के लिए निकासी का कोई साधन नहीं है, जिससे बरसात के मौसम मे पानी भर जाता है और फसल को नुकसान होने की संभावना होती है। इसी प्रकार एक और आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें बोरसी वार्ड के समस्त निवासियों ने बोरसी हनोदा मार्ग में निर्मित नाली की शिकायत की।

उन्होंने बताया कि निर्मित नाली में गंदे पानी का बहाव सुचारू रूप से नही हो पाता है, जिसके कारण नाली का गंदा पानी आसपास के घरों में पहुंच जाता है, इससे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। बरसात के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों ने शीघ्र सुधारवाने के लिए निवेदन किया। प्रस्तुत आवेदन का अवलोकन कर अपर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को मामले की जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने गयाबाई पूर्व मा.शाला गयानगर में वृक्ष कटाई के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि गयाबाई पूर्व मा.शाला गयानगर में बहुत पुराना वृक्ष है, जो कभी भी गिर सकता है।

जिससे बड़े हादसे एवं वृक्ष के बिल्डिंग के उपर गिरने से नुकसान होने की संभावना बनी रहती है। इस पर एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में 160 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अवैध कब्जा, बटवारा, आर्थिक सहायता, सीमांकन, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु, राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# मोबाइल फोन रिपेयरिंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं फास्ट फूड स्टॉल का प्रशिक्षण लेकर प्राप्त कर सकते हैं स्वरोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। बैंक ऑफबड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है।

आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म-उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। आरसेटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से, ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य से संस्थान द्वारा आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्र के युवक एवं युवतियों हेतु 31 मई 2023 से मोबाइल फोन रिपेयरिंग (30 दिन), आर्टिफिशियल ज्वेलरी (13 दिन) एवं फास्ट फूड स्टॉल (10 दिन) का प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक आवेदक के लिए आवश्यक दस्तावेज चार पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड एवं मार्कशीट की छाया प्रति अनिवार्य है। जानकारी के लिए 0788-2961973, शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास, जुनवानी, भिलाई में संपर्क कर सकते हैं।

# सीजी चेंबर की भिलाई इकाई का एक और अभियान शहर के व्यापारियों को बता रहे हैं दो वर्ष की उपलब्धि

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई व्यापारियों के हित के लिए नित नए आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में भिलाई चेंबर ने एक नया अभियान शुरू किया है। चेम्बर आपके द्वार अभियान का रविवार से आगाज किया गया। इसकी शुरुआत जवाहर मार्केट पावर हाउस भिलाई से किया गया है। सीजी चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान में चेम्बर के पदाधिकारियों की टीम सभी व्यापारियों से मिलकर उन्हें चेम्बर के 2 वर्षो की उपलब्धि की जानकारी देते हुए एक बुकलेट का वितरण कर रहे हैं।

अभियान को लेकर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि इसअभियान के तहत भिलाई चेंबर के पदाधिकारी सभी जोन में जाएंगे और सभी सदस्यों से मिलकर उन्हें 2 वर्षो की उपलब्धि बताएंगे। त्रुटि सुधार फार्म देकर व्यापारियों के मोबाइल नम्बर, नाम व एड्रेस अपडेट करेंगे। जवाहर मार्केट में अभियान की शुरुआत में बाजार के व्यापारियों ने चेम्बर के पदाधिकारियों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। कुछ दुकानदारो ने लडडू खिलाकर चेम्बर पदाधिकारियो का अभिनंदन किया। यह अभियान पूरे माह चलेगा।

भिलाई चेंबर के जनसंपर्क अधिकारी शंकर सचदेव ने बताया कि इस अभियान में व्यापारियों ने चेम्बर के कार्यो की सराहना की। जवाहर मार्केट के प्रभारी शिवराज शर्मा ने महामंत्री अजय भसीन को बाजार की बदहाल सड़क से अवगत कराकर सड़क नवनिर्माण का मांग पत्र देते हुए बाजार को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग की मांग की। अजय भसीन ने माँगपत्र लेते हुए आश्वासन दिया कि सोमवार को निगम आयुक्त से मिलकर इस समस्या को सुव्यवस्थित कर लेंगे।

चेम्बर जहां व्यपारियो के सर्टिफिक्रेट अपडेट कर रही है वही व्यापारियों की समस्याओं को भी सुनकर उनके निराकरण की पहल कर रही है। चेम्बर की इस पहल को व्यापारियों ने सराहा। इस अभियान में विशेष रूप से महिला चेम्बर का विशेष योगदान मिल रहा है। महिला चेंबर अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही, सुमन कन्नौजे, सविता शर्मा, हरप्रीत कौर, पुष्पलता कर, शिवराज शर्मा, सुनील मिश्रा, प्रेम ठकवानी, अजय आदि का इस अभियान में विशेष सहयोग मिल रहा है।

बारिश पूर्व नाला सफाई हो रहा है तीव्र गति से

# जल प्रवाह होगा सुगम, बारिश में जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नालों की सफाई कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने। कई बड़े नालों की सफाई हो चुकी है और कुछ नालों की सफाई की जा रही है। महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर छोटे, बड़े सभी प्रकार के नालों की सफाई निगम क्षेत्र में हो रही है।

बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन तथा जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है, तो वही छोटे नालों की सफाई स्वच्छता कर्मचारी नाली से सभी प्रकार के कचड़े व मलबे को निकाल रहे हैं। सर्वप्रथम नेहरूनगर के कोसानाला के सामने से गुजरने वाले नाले की सफाई से शुरुआत की गई थी, इसके बाद वैशाली नगर क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई की जा रही है, इस क्षेत्र में छोटे-बड़े बहुत से नाले हैं, इसमें से अधिकतर नालों की सफाई की जा चुकी है, शेष नालों की सफाई भी अति शीघ्र हो जाएगी।

ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों के छोटे नालियों को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। जहां आवश्यकता पड़ रही है वहां पर चैन माउंटेन एवं जेसीबी के जरिये बड़े नाला के किनारे पटे हुए मलबे को निकालकर साफ किया जा रहा है, सकरी नालों की अच्छी से सफाई की जा रही है, जिससे बारिश के समय में पानी बिना कोई अवरोध के प्रवाहित हो सकेगा और जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नाला की सफाई के दौरान मलबा निकालने का कार्य किया जा रहा है। नाला में कंटीली झाड़ियों व मलबे की सफाई की जा रही है। इसी प्रकार जोन में छोटे, बड़े नालियों की सफाई का कार्य जारी है, जहां निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कंटीली झाड़ियां, झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकाल कर सफाई कर रहे है। नालों की सफाई के लिए निगम युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में नालों की सफाई किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950